# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 23 जनवरी 2025




चल रहा सब गोलमाल कोई सुबह गाड़ियों में भरकर दफ्तर में छोड़ गया, सैंपल लेकर वापस कोल्ड स्टोरेज भेजा गया

# ये कैसा जादू....पनीर की गायब पेटियां लौटी, किसने छोड़ा पता नहीं, अफसर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रेलवे स्टेशन में कस्टडी से चोरी हुआ लाखों का पनीर बुध वार सुबह खाद्य एवं औषधि प्रशासन को वापस मिल गया। नाटकीय ढंग से पनीर की पेटी लेकर कुछ लोग खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कार्यालय पहुंचे। अफसरों से तीखी नोकझोंक के बाद पनीर का सैंपल लिया गया और उसे निगरानी में वापस कोल्ड स्टोरेज भिजवा दिया गया। मामले में बड़ी लापरवाही आने पर जांच अधिकारी एहसान तिग्गा को निलंबित कर दिया गया है।

## पहले बताते रहे बिना हिसाब-किताब का पनीर, फिर कागजात होने का दावा

### गोलमाल का संदेह

कस्टडी से गायब पनीर दो दिन तक कहां रखा गया था, इस बारे में खाद्य विभाग के अधिकारी गोलमोल जवाब दे रहे हैं। कभी उसे वाहन चालक के घर तो कभी कोल्ड स्टोरेज में रखने की बात कर रहे हैं। सुबह कार्यालय लाया गया पनीर जब्ती वाला ही है, इस पर भी संदेह है। जांच अधिकारी इन 17 पेटी पनीर के कागजात भोपाल से मंगाने की बात भी कर रहे हैं। फिलहाल मामले में कार्रवाई सैंपलों की रिपोर्ट आने पर की जाएगी।



### पैसे की डिमांड करते कैमरे में कैद

खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी अहसान तिग्गा सोमवार को पनीर की कार्रवाई के दौरान पनीर के मामले में तीस हजार की डिमांड करते हुए कैमरे में कैद हो गया था। इस मामले की शिकायत भी कंट्रोलर तक पहुंची थी। मामले की गंभीरता के आधार पर उन्होंने उस दौरान ही अफसर पर कार्रवाई के संकेत दिए थे। सोमवार को रेलवे स्टेशन के साथ भाठागांव बस स्टैण्ड में भी 4600 किलो पनीर नकली होने के संदेह में जब्त किया गया था।

पकड़े गए लाखों के पनीर के मामले में काफी गड़बड़ झाला हुआ है। जांच अधिकारी पहले तो बिना हिसाब-किताब वाले पनीर की 39 पेटी गायब होने की शिकायत करते रहे, फिर 22 पेटी के कागजात होने का दावा करने लगे। रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई के कुछ देर बाद ही पनीर लेकर चंपत कथित एजेंट के खिलाफ हल्ला मचने के बाद मंगलवार शाम पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। बुधवार सुबह 17 पेटी पनीर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कार्यालय लाया गया। पनीर के कथित मालिक और खाद्य विभाग के अधिकारियों के बीच काफी देर तक कहासुनी हुई। समझाइश के बाद पनीर के सैंपल जांच के लिए संग्रहित किए गए, फिर ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 6500 किलो पनीर, संचालकों के जवाब का इंतजार

*इधर, दो पुराने मामलों में विभाग ने संचालकों को नोटिस भेजा है। साल के अंतिम दिनों में बिरगांव और निमोरा के दो संस्थानों में छापा मारकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने 6500 पनीर पकड़ा था। पनीर बनाने का काम दोनों संस्थानों में होता था। दोनों ठिकानों से लिए गए सैंपलों की रिपोर्ट विभागीय टीम को मिल चुकी है। पनीर मानक से ज्यादा फैट और निर्माण* ▶▶| शेष पेज 4 पर






## खबर संक्षेप

### राहुल गांधी के मामले की सुनवाई 30 तक टली



**सुलतानपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की बुधवार को होने वाली सुनवाई अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण पुनः टल गई है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर मानहानि का मामला दर्ज कराया है।

### इंडोनेशिया में बाढ़ व भूस्खलन से 17 की मौत



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद लापता लोगों की तलाश के लिए इंडोनेशियाई बचावकर्मियों ने बुधवार को फिर से अभियान शुरू कर दिया। बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई थी। मध्य जावा प्रांत के पेकलोंगान क्षेत्र में गत दिनों हुई मूसलाधार बारिश के बाद नदियों में आई बाढ़ का पानी नौ गांवों में घुस गया और भूस्खलन के कारण पर्वतीय क्षेत्र के पास बसे गांव इसकी चपेट में आ गए।

### जमानत के बाद आईएएस पूजा सिंघल का निलंबन रद्द



**रांची।** धनशोधन मामले में दो साल से अधिक समय से जेल में बंद आईएएस की अधिकारी पूजा सिंघल को जमानत मिलने के बाद उनका निलंबन रद्द कर दिया गया है। सिंघल को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद 12 मई 2022 को निलंबित कर दिया गया था। यह मामला मनरेगा को लागू करने में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है।

### ठाणे में पांच करोड़ की व्हेल की उल्टी जब्त, एक गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने नितिन मुतन्ना मोरेलू नामक व्यक्ति से 5.48 किलो 'एम्बरग्रीस' (व्हेल की उल्टी) बरामद किया। इसकी कीमत पांच करोड़ रुपये आंकी गई है। बता दें कि 'एम्बरग्रीस' एक ठोस और मोम जैसा पदार्थ है जो स्पर्म व्हेल की आंतों में उत्पन्न होता है। यह महंगे परफ्यूम में इस्तेमाल होने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इसकी बहुत अधिक कीमत मिलती है।

## महाराष्ट्र में बड़ा हादसा, 40 से ज्यादा यात्री घायल

# आग की अफवाह, पुष्पक एक्सप्रेस से कूदे यात्री, दूसरी ट्रेन से कटकर 12 की मौत



**ट्रैक पर तीखा मोड़, ट्रेन नहीं दिखी**

*भुसावल डिवीजन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जिस जगह पर घटना हुई, वहां पर तीखा मोड़ था, इसलिए ट्रैक पर मौजूद यात्रियों को पता ही नहीं चला कि ट्रेन आ रही है। यही वजह रही कि कर्नाटक एक्सप्रेस से इतनी बड़ी संख्या में लोग कुचले गए। सीनियर अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है, उनके पहुंचने के बाद ज्यादा जानकारी सामने आ पाएगी।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के जलगांव जिले के पचोरा रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा हो गया। स्टेशन के समीप ट्रेन के रुकने के लिए ब्रेक लगाने के दौरान निकली चिंगारी को देख आग की अफवाह फैल गई। आग लगने की अफवाह के बाद पुष्पक एक्सप्रेस से कूदने के कारण 12 यात्रियों की मौत दूसरे ट्रैक से गुजर रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ जाने से हो गई। इस घटना में कई घायल हो गए।

आपातकालीन सहायता प्रदान करने और घटना की जांच करने के लिए अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। हताहतों की संख्या की पुष्टि करने और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।

यह हादसा महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम 4:42 बजे बड़ा ट्रेन हादसा हुआ। यहां पाचोरा स्टेशन के पास माहेजी और परधाड़े के बीच पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैली। जलगांव पुलिस अधीक्षक ने 12 लोगों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि 40 पैसेंजर्स के घायल होने की खबर है। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है। घायलों को तत्काल ग्रामीण अस्पताल सहित कुल तीन अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है।



### पीआरओ बोले- घायलों का हो रहा बेहतर इलाज

मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि इस घटना में 20 से 25 यात्री घायल हुए हैं। रेलवे द्वारा इस मामले में स्थानीय अस्पताल और प्रशासन की मदद ली जा रही है। इसके अलावा भुसावल रेलवे स्टेशन से एक आपातकालीन ट्रेन भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। वहां रेलवे की मेडिकल टीम यात्रियों को अटेंड कर रही है।

### चेन पुलिंग कर ट्रेन से उतरे थे कुछ यात्री

सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ डॉ. स्वनिल ने बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस लखनऊ से मुंबई आ रही थी। तभी स्टेशन के पहले चेन पुलिंग कर कुछ यात्री ट्रैक पर उतर गए। इस बीच दूसरी तरफ से आई कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में वह लोग आ गए। रेलवे अधिकारियों से जानकारी जुटाई जा रही है।

### फडणवीस ने जताया दुख

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई जिसमें कुछ लोगों की जान चली गई, बहुत दुखद है। मैं उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सीएम ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपए सहायता देने का ऐलान किया। मंत्री गिरीश महाजन सहित जिला प्रशासन रेलवे प्रशासन काम कर रहा है।

**स्कूल परिसर में मिले बेसुध**

# छेरछेरा का धान बेचा और शिक्षक ने गटक ली शराब!



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दुर्गूकोंदल ब्लाक के प्राथमिक स्कूल पलाचुर के शिक्षक रामकुमार कोमरा का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। शिक्षक शराब के नशे में विद्यालय परिसर में लेटा हुआ नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि बच्चों ने छेरछेरा से धान को एकत्र करके विद्यालय में रखा हुआ था, शिक्षक ने उसे भी बेच दिया है।

पलाचुर के शिक्षक का वीडियो दोपहर बाद 4.30 बजे के आसपास वायरल हुआ, उसके बाद शिक्षा विभाग तुरंत सक्रिय होते ही जिला शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को जांच के लिए संबंधित स्कूल भेज दिया। मामला देर शाम हो जाने के कारण प्रतिवेदन रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को नहीं मिल पाई। जांच ▶▶| शेष पेज 4 पर

### उठने की स्थिति में नहीं था शिक्षक

जमीन पर पड़े शिक्षक की हालत को देखने के लिए विद्यालय के बच्चे एकत्र हो गए, वहीं रसोईया कर्मचारी ने उसे उठाने का प्रयास किया, परंतु उसकी हालत ऐसी थी कि उठने लायक नहीं थी। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियों की पुष्टि हरिभूमि नहीं करता है।

### जांच के लिए टीम को किया रवाना

सोशल मीडिया में वीडियो के वायरल होते ही जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गूकोंदल को जांच के लिए निर्देशित किया है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर देशभर में हुए विविध आयोजन



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या सहित संपूर्ण देश में अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 22 जनवरी को पहली वर्षगांठ मनाई गई। इस दौरान न केवल अयोध्या में बल्कि देश के सभी शहरों के छोटे-बड़े मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन हुए और प्रसाद वितरण किया गया। रायपुर के राममंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी धार्मिक आयोजन हुए।

### दिल्ली में छग की झांकी में रामनामी समुदाय...





*रायपुर। गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के लाल किले पर आयोजित होने वाले भारत पर्व 2025 में इस बार छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और रामनामी समुदाय की झलक देखने को मिलेगी। छत्तीसगढ़ की झांकी भारत सरकार की थीम 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास' पर आधारित है। झांकी में प्रदेश* ▶▶| शेष पेज 4 पर

## सीएम साय- मंत्री, भाजपा विधायक महाकुंभ में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगवाई में राज्य सरकार के मंत्री और भाजपा के विधायक महाकुंभ मेले में शामिल होंगे। भाजपा के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो इस संबंध में मुख्यमंत्री स्तर पर चर्चा हुई है, लेकिन अभी ये तय नहीं है कि किस दिन महाकुंभ के लिए सीएम, मंत्रियों, भाजपा विधायकों का दौरा होगा।

यूपी के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में देश-दुनिया के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हालांकि अभी महाकुंभ कई दिनों तक चलने वाला है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में विशिष्ट लोग शामिल हो रहे हैं। हाल ही में उत्तरप्रदेश ▶▶| शेष पेज 4 पर

**सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी कर याचिका की खारिज**

# 'बेटे के बिना नहीं रह सकती तो मर जाओ' यह कहना सुसाइड के लिए उकसाना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक महिला का अपने बेटे की प्रेमिका से यह कहना कि अगर वह उसके बेटे के बिना नहीं रह सकती तो मर जाए, आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला नहीं बनता। यह टिप्पणी करते हुए शीर्ष अदालत ने एक महिला के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने में दर्ज आपराधिक मामले को खारिज कर दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना व जस्टिस एससी शर्मा की पीठ कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ दायर अपील पर ▶▶| शेष पेज 4 पर



### अदालत ने कहा...रिकॉर्ड से साफ परिवार ने कोई दबाव नहीं डाला

पीठ ने कहा, रिकॉर्ड से पता चलता है कि अपीलकर्ता लक्ष्मी दास तथा उसके परिवार ने मृतक पर उसके तथा बाबू दास के बीच संबंध समाप्त करने के लिए कोई दबाव डालने का प्रयास नहीं किया।

### सुसाइड करने प्रेरित करने की मंशा होना चाहिए

पीठ ने स्पष्ट किया कि जब धारा 306 आईपीसी को धारा 107 आईपीसी के साथ पढ़ा जाता है तो यह स्पष्ट है कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष उकसावा होना चाहिए और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के नजदीक होना चाहिए। साथ ही आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की स्पष्ट मंशा होनी चाहिए।

### प्रेमी से शादी किए बिना नहीं रह सकती

इसके अलावा मृतक से यह कहना कि अगर वह अपने प्रेमी से शादी किए बिना नहीं रह सकती तो वह जीवित न रहे, जैसी टिप्पणी भी उकसाने की स्थिति में नहीं आएगी। ऐसा कोई सकारात्मक कार्य होना चाहिए जो ऐसा माहौल बनाए जहां मृतक को धारा 306 के आरोप को बनाए रखने के लिए किनारे पर धकेला जाए।


SIKSHA 'O' ANUSANDHAN (DEEMED TO BE UNIVERSITY)

SAAT-2025

Empowering students for a brighter future

MANAGEMENT PROGRAMMES OFFERED
- BBA
- MBA
- Integrated MBA
- MBA (Hospital Administration)
- MBA (Artificial Intelligence and Data Science)

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
- NBA Accredited Programmes

NIRF INDIA RANKINGS 2024
- 14th Best in University Category
- 62nd Best in Management Category

INTERNATIONAL RANKINGS 2025
- Ranked in QS World Rankings 2025
- Ranked in Times World Rankings 2025

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

*नई दिल्ली। महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान 29 जनवरी बुधवार को मौनी अमावस्या के दिन होगा। इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। माना जा रहा है कि मौनी अमावस्या पर 5 से 10 करोड़ श्रद्धालु स्नान करने महाकुंभ आ सकते हैं। ऐसे में भीड़ को देखते हुए गंगा-यमुना के घाटों को तैयार किया जा रहा है। ऐसे में मौनी अमावस्या पर अगर आपभी महाकुंभ जा रहे हैं तो जान लें किन घाटों पर आराम से स्नान कर सकते हैं।*

**मौनी अमावस्या पर 5 से 10 करोड़ श्रद्धालु आ सकते हैं स्नान करने**

# दशाश्वमेध घाट में गंगा आरती देखने के लिए जुटती है भारी भीड़

### हांडी फोड़ घाट

हांडी फोड़ घाट, प्रयागराज के सबसे पुराने घाटों में से एक है। इस घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंग इसे और भी खास बनाता है। अगर आप शांत लहरों को देखना और नदियों की मधुर ध्वनि को सुनना चाहते हैं तो हांडी फोड़ घाट पहुंचें। यह घाट आपके लिए बहुत सुखद रहने वाला है।




### केदार घाट

महाकुंभ का केदार घाट भगवान शिव को समर्पित है। महाकुंभ में केदार घाट पर स्नान करने विशेष महत्व है। यहां स्नान के बाद भगवान शिव की पूजा की जाती है। शिव भक्तों के लिए केदार घाट बेहद खास है।

### बलुआ घाट

बलुआ घाट पर ज्यादातर शहर के लोग पहुंचते हैं। साथ ही यहां साधु-संतों का भी जमावड़ा लगता है। बलुआ घाट का वातावरण ध्यान और योग के लिए प्रसिद्ध है। साधु संत ध्यान और प्रवचन के लिए इसी घाट का चयन करते हैं। खास बात यह है कि यह घाट भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से दूर है।

## 29 जनवरी बुधवार को मौनी अमावस्या पर होगा अगला अमृत स्नान

**संगम क्षेत्र :** संगम क्षेत्र वह स्थान है जहां एक तरफ मां गंगा और दूसरी तरफ से यमुना का मिलन होता है। महाकुंभ में स्नान का सबसे प्रमुख स्नान स्थल है। महाकुंभ पहुंचे अधिकांश श्रद्धालुओं की इच्छा होती है कि वह संगम स्नान करें. पौराणिक मान्यता है कि संगम में डुबकी लगाने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी पाप धुल जाते हैं। यही गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती का मिलन स्थल है। यहां नाव की सवारी के जरिए त्रिवेणी संगम का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं।



**दशाश्वमेध घाट :** पौराणिक मान्यता है कि प्रयागराज के दशाश्वमेध घाट पर ही ब्रह्मा जी ने दस अश्वमेध यज्ञ किए थे। महाकुंभ के दौरान यह घाट गंगा आरती और भजन-कीर्तन के लिए बेहद लोकप्रिय है। यहां शाम को गंगा आरती देखने के लिए भारी भीड़ जुटती है।

### अरैल घाट


अरैल घाट यमुना नदी के किनारे स्थित घाटों में से एक है। नैनी इलाके में स्थित इस घाट पर शाम के समय भारी भीड़ जुटती है। इस घाट के पास ही भगवन शिव का सोमेश्वर माहादेव मंदिर भी स्थित है, जहां शाम के समय में लोग दर्शन करने जाते हैं। कुंभ मेले के दौरान लोग इस घाट पर गंगा नदी में स्नान करने के लिए जाते हैं। घाट के किनारे बनी सीढ़ियों पर आप आराम से बैठकर ध्यान भी लगा सकते हैं।

### सरस्वती घाट

सरस्वती घाट भी यमुना नदी के किनारे स्थित घाटों में से एक है। सरस्वती घाट के पास ही प्रयागराज का फेमस मनकामेश्वर मंदिर है। इस घाट के पास मुगल शासक अकबर का किला भी है। नाव से आप घाट के किनारे भ्रमण भी कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रक 50 मीटर गहरी खाई में गिरा, 10 की मौत



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के येल्लापुरा में बुधवार सुबह एक ट्रक 50 मीटर गहरी खाई में गिर गया। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सावनूर से फल और सब्जियां ले जा रहे ट्रक में 25 से ज्यादा लोग सवार थे। येल्लापुर में लगे मेले में इन फल-सब्जियों को पहुंचाया जा रहा था।

### तुर्किये आगजनी 76 लोगों की मौत



**इस्तांबुल।** तुर्किये के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र स्थित एक 'स्की रिसॉर्ट' के होटल में लगी आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 76 हो गई है। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने यह जानकारी दी। येरलिकाया ने कहा कि मृतकों में से 45 की पहचान कर ली गई है, जबकि अन्य की पहचान के प्रयास जारी हैं। येरलिकाया ने कहा, 'हमें गहरा दुख है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने नागरिकता पर दिया बड़ा बयान

# यूएसए ने भारतीयों को दी बड़ी राहत कहा- नहीं रोक सकते एच-1बी वीजा

*ट्रंप ने कहा कि उन्हें 'एच-1बी' विदेशी अप्रवासी कामगारों के वीजा पर इसका समर्थन करने वाले और इसका विरोध करने वाले दोनों पक्षों की दलीलें अच्छी लगीं। उन्होंने कहा कि उन्हें देश में आने वाले 'बेहद कुशल लोग' पसंद हैं।*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभालने के तुरंत बाद जन्मसिद्ध नागरिकता के अधिकार वाले कानून को रद्द करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अप्रवासियों को वापस भेजने के कार्यकारी आदेश भी दिए हैं। इससे भारतीय-अमेरिकी समुदाय में जहां चिंता है, वहीं उन्होंने एच-1बी वीजा पर पेशेवर भारतीयों और अन्य देशों के ऐसे नागरिकों को बड़ी राहत दी है। ट्रंप ने कहा है कि वह एच-1बी वीजा नहीं रोक सकते हैं क्योंकि उन्हें पेशेवर कामगारों की सख्त जरूरत है। बता दें कि इस वीजा के आधार पर बड़ी संख्या में भारतीय तकनीकी पेशेवर अमेरिका में काम कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें 'एच-1बी' विदेशी अप्रवासी कामगारों के वीजा पर इसका समर्थन करने वाले और इसका विरोध करने वाले दोनों पक्षों की दलीलें अच्छी लगीं।



**सर्वाधिक भारतीय तकनीकी पेशेवर अमेरिका में काम कर रहे हैं**

**अकुशल को प्रशिक्षण भी देने को तैयार हैं राष्ट्रपति**

### ट्रंप राज में बिना 'कागज' फंस गए 20 हजार भारतीय

*अपनी चुनावी घोषणा के अनुरूप ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सख्त प्रवासन नीतियों पर अमल शुरू कर दिया है। इस सख्ती के दायरे में वैसे 20 हजार भारतीय हैं जिसके बारे में अमेरिका कहता है कि इनके पास अमेरिका में रहने के वैध कागज नहीं हैं और इन्हें वापस भेजा जाएगा। अमेरिका ने ऐसे 20 हजार भारतीयों को डिपोर्टेशन लिस्ट में डाल दिया है।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आते ही अवैध प्रवासियों पर एक्शन शुरू कर दिया है। इससे अमेरिका में रह रहे वैसे प्रवासी डर में हैं जिनके कागज यानी कि वीजा दस्तावेज पूरे नहीं हैं। इन लोगों ने कानूनी विकल्पों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। इसे लेकर भारत में भी चिंता है। अमेरिकी प्रशासन की ओर से तैयार दस्तावेजों के अनुसार अमेरिका में लगभग 18 हजार ऐसे भारतीय हैं जिनके पास अमेरिका में रहने के लिए पर्याप्त वैध दस्तावेज नहीं हैं। ट्रंप प्रशासन ऐसे भारतीयों को नई दिल्ली वापस भेज सकता है। यही नई दिल्ली की चिंता की वजह है।*

### हर स्तर के लोगों की स्किल बढ़ाई जाएगी

इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे दोनों पक्षों ('एच1बी' वीजा का समर्थन करने वाले और इसका विरोध करने वाले पक्ष) की दलीलें पसंद हैं, लेकिन मैं यह भी चाहता हूं कि हमारे देश में बेहद कुशल और सक्षम लोग आएं, फिर चाहे उन्हें ऐसे कार्यों के लिए पर्याप्त योग्यता नहीं रखने वाले लोगों को प्रशिक्षण देना पड़े और उनकी मदद करनी पड़े। लेकिन मैं रुकना नहीं चाहता और मैं सिर्फ इंजीनियरों की बात नहीं कर रहा हूं, मैं हर स्तर के लोगों की बात कर रहा हूं।

# मुंबई में छत्तीसगढ़ इनवेस्टर कनेक्ट आज शामिल होंगे सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को मुंबई में आयोजित छत्तीसगढ़ इनवेस्टर कनेक्ट में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति आने के बाद सबसे पहले पिछले महीने दिल्ली में यह कार्यक्रम किया गया था, जिसमें 15 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव राज्य को मिले थे। इसी क्रम में अब 23 जनवरी को मुंबई में इनवेस्टरों से सरकार की बातचीत होगी। छत्तीसगढ़ का इन्वेस्टर मीट के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुंबई के लिए रवाना हो गए हैं। रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा करते हुए सीएम ने बताया, छत्तीसगढ़ में नई उद्योग नीति लागू करने के बाद पहला छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम दिल्ली में पिछले महीने हुआ था, कल मुंबई में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट है।



### निवेश के लिए अवसर संभावनाओं पर होगी बात

सूत्रों के अनुसार, छत्तीसगढ़ पहले ही विभिन्न उद्योगों में निवेशकों के लिए कई अवसर प्रदान कर रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार उद्योग विशेषज्ञों से बातचीत करके निवेश संभावनाओं पर चर्चा करेगी। इस पहल से राज्य के विकास को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद है।

### बड़े उद्योगपति होंगे शामिल

बताया गया है कि छत्तीसगढ़ इनवेस्टर मीट में मुंबई महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों के प्रमुख उद्योगपति, व निवेशक शामिल होंगे। मुख्यमंत्री देश भर के मशहुर उद्योगपतियों से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए उन्हें प्रेरित करेंगे। मुख्यमंत्री की जिन उद्योगपतियों से मुलाकात होगी उसमें आदित्य बिरला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिरला समेत अन्य मशहुर उद्योगपति शामिल है। मुलाकातियों में बम्बे हांस्पिटल के ट्रस्टी भी शामिल है।

# वारदात के बाद सैफ के हमलावर ने बदला हुलिया, आईं नई फोटो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी के बारे में पुलिस को जानकारी लगी है कि उसने वारदात के बाद अपना हुलिया बदल लिया था। मुंबई पुलिस ने आरोपी शरीफुल को 19 जनवरी की देर रात गिरफ्तार किया था। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर ये जानकारी सामने आई है। इधर, हमले के 6 दिन बाद बांद्रा पुलिस सैफ अली खान का बयान दर्ज करने तथा क्राइम सीन क्रिएट करने उनके घर पहुंची है। इस केस की जांच अब सुदर्शन गायकवाड़ की जगह अजय लिंगनुरकर को सौंपी गई है।

मुंबई पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हमला करने वाला संदिग्ध मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन और रेलवे स्टेशन के बीच नजर आया था। मुंबई पुलिस ने मंगलवार सुबह और देर रात क्राइम सीन रीक्रिएट किया था। पुलिस आरोपी शरीफुल इस्लाम को सैफ के घर से करीब 500 मीटर दूर ले गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी बाथरूम की खिड़की से ही सैफ के घर में घुसा था और हमले के बाद यहीं से बाहर भी निकला।



### अब तक तीन फुटेज आए सामने

*अब तक तीन सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं जिनमें आरोपी देखा गया है। पहले फुटेज में वह नंगे पांव सैफ के घर में घुसते हुए नजर आ रहा है। दूसरे में घर से निकलता हुआ और तीसरे फुटेज में वह नए हुलिये में दिख रहा है। मुंबई पुलिस को संदेह है कि आरोपी ने बांद्रा रेलवे स्टेशन से लोकल या एक्सप्रेस ट्रेन ली और मुंबई के आसपास या बाहर की जगहों पर गया। पुलिस की कई टीमें लोकल और एक्सप्रेस ट्रेन स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही हैं।*

# इजरायल का युद्धविराम के बीच बड़ा अटैक 10 फिलिस्तीनियों की मौत

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

गाजा में हाल ही में लागू हुए युद्ध विराम के दो दिन बाद, इजरायल ने वेस्ट बैंक के जेनिन कैंप में एक बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है। 'आयरन वॉल' नामक इस अभियान में इजरायली सेना ने अब तक 10 फिलिस्तीनियों को मार गिराया है, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस अभियान को 'आतंकवाद को खत्म करने' की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के अनुसार, 'आयरन वॉल' ऑपरेशन का मकसद जेनिन में आतंकवाद को खत्म करना है। इस ऑपरेशन में इजरायली सेना, पुलिस, और सुरक्षा एजेंसी शिन पेट शामिल हैं। वेस्ट बैंक में बढ़ते तनाव और आतंकवादी गतिविधियों के मद्देनजर यह अभियान शुरू किया गया है।



### हमास ने किया संघर्ष बढ़ाने का आह्वान

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस सैन्य अभियान में अब तक 10 लोग मारे गए हैं, जिनमें 9 पुरुष और एक किशोर शामिल हैं। हमले में 40 लोग घायल हुए हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। हमास ने इजरायली अभियान के खिलाफ वेस्ट बैंक के लोगों और क्रांतिकारी युवाओं को संगठित होने और संघर्ष बढ़ाने का आह्वान किया है। इस्लामिक जेहाद की सशस्त्र शाखा अल कुद्स ब्रिगेड ने भी इजरायली सैनिकों पर गोलीबारी की पुष्टि की है और वेस्ट बैंक में इजरायली अभियान का विरोध करने का आह्वान किया है।

## किसानों पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

# डॉक्टरों ने डल्लेवाल की देखरेख से किया इंकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

किसानों की कई मांगों को लेकर पिछले 58 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक विशेष मेडिकल टीम का गठन किया था। डल्लेवाल को मंगलवार की रात कई बार ग्लूकोज की ड्रिप चढ़ाई गई, जिसके कारण उनका हाथ सूज गया। इसके बाद डल्लेवाल ने अपना इलाज कराने से इंकार कर दिया और कहा कि वह ऐसा तभी करेंगे जब प्रशासन के अधिकारी किसानों से मिलने खनौरी बॉर्डर पर आएंगे। इस बीच डॉक्टरों की टीम ने किसानों पर अपने साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाकर जगजीत सिंह डल्लेवाल की देखरेख करने से इंकार कर दिया है। डॉक्टरों की टीम ने मेडिकल सुपरिंटेंडेंट को पत्र लिखकर शिकायत की है। उन्होंने लिखा है, 'हम सीनियर और जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स को किसानों और मीडिया कर्मियों से लगातार उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है।

■ आमरण अनशन पर बैठे हैं किसान नेता



### तंबू से बाहर आए डल्लेवाल

इस बीच किसान नेता डल्लेवाल बुधवार दोपहर खनौरी बॉर्डर पर अपने टेंट से बाहर आए। स्ट्रेचर पर लिटाकर डल्लेवाल को तंबू से बाहर ले आया गया। मेडिकल ट्रीटमेंट लेने के बाद उनकी सेहत में सुधार बताया जा रहा है। वह 14 फरवरी को चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों के साथ होने वाली मीटिंग में शामिल होंगे। किसानों ने बताया कि आमरण अनशन के कारण डल्लेवाल का वजन 20 किलो कम हो गया है। उन्हें ड्रिप लगाकर ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा है।

### संभल में शुरू हुई एक और प्राचीन कूप की खुदाई

**नई दिल्ली।** यूपी के संभल में जामा मस्जिद से 50 मीटर की दूरी पर एक और प्राचीन कूप की खुदाई का काम प्रशासन ने शुरू कराया है। इस कूप को कुछ साल पहले मिट्टी से पाट कर बंद कर दिया गया था। इस कूप को संभल के इतिहास वर्णित 19 प्राचीन कूपों में से एक माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक संभल के पुराणिक काल में सामने आए नक्शे में भी इस कूप को दर्शाया गया है। फिलहाल खुदाई के दौरान किसी तरह का बवाल न होने पाए, इसलिए पुलिस बल की भी तैनाती कर दी गई है। साथ ही मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र भी मौजूद हैं। यह कूप संभल सदर कोतवाली इलाके में जामा मस्जिद रोड पर मस्जिद से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित है।

द्वितीय पुण्यतिथि



स्वर्गवास
23.01.2023

पुण्यतिथि
23/01/2025

स्व. राधेश्याम जी शर्मा
(पूर्व विधायक भाटापारा)
(पूर्व अध्यक्ष - जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर)

आपके उदार व्यक्तित्व का आलोक सदा हमारे प्रगति पथ को प्रकाशित करता रहे....
अपने कर्तव्य के प्रति आपकी निष्ठा और लगन हमें निरंतर प्रेरणा देती रहें....
आपकी स्मृतियां आर्शीवाद के रुप में सदैव हमारे साथ रहें....

आज ही के दिन हमारे पिताजी स्व. श्री राधेश्याम जी शर्मा ब्रम्हलीन हो गये थे।
समस्त परिवारजन एवं शुभचिंतकों द्वारा आपको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

श्रद्धानवत्

लक्ष्मीनारायण शर्मा, अशोक शर्मा, मनोज शर्मा, विजय शर्मा (भतीजे), एवं समस्त कलावटिया परिवार रायपुर (छ.ग.)

राजेश शर्मा (पुत्र)
पूर्व अध्यक्ष - जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक रायपुर पूर्व सभापति जिला पंचायत रायपुर
अमित शर्मा (बंटी) (पुत्र)
पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत भाटापारा
रेणु शर्मा - राकेश शर्मा (बेटी - दामाद)
डॉ. मोना शर्मा - डॉ. सुरेन्द्र शर्मा (बेटी-दामाद)
युवराज, रघुराज (पौत्र)

फर्म : माँ माँवली राईस इंडस्ट्रीज रायपुर

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**हर तरफ जर्जर मकान और दुकानें**



पांच साल पुराने मकान-दुकानों में इसलिए 30 फीसदी तक छूट का फैसला



# बिलासपुर में 654 मकान खाली, हाउसिंग बोर्ड के करोड़ों फंसे, पुराने ही नहीं, नए की भी डिमांड कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल बिलासपुर सहित प्रदेशभर में मकान और दुकानें तो बना रहा है, लेकिन उन्हें बेचना मुश्किल हो रहा है। अकेले बिलासपुर में ही 230 से अधिक मकान और फ्लैट नहीं बिके हैं। कुल मिलाकर बिलासपुर डिविजन में करोड़ों रुपए के फ्लैट और स्वतंत्र आवास फंस गए हैं। 10 लाख से 45 लाख तक के 654 मकान खाली पड़े हैं। हाल यह है कि हाउसिंग बोर्ड ने बोदरी में 473 मकानों को बनाने की नई योजना लांच की ⏭ शेष पेज 4 पर



### 76 लोगों ने की है बुकिंग

हाउसिंग बोर्ड ने बोदरी में 473 मकान बनाने की नई योजना लांच की है। इसमें 76 लोगों ने बुकिंग की है और इन मकानों का निर्माण जारी है। बिलासपुर रीजन में हाउसिंग बोर्ड के मकान अधिक खाली नहीं हैं। अभिलाषा परिसर में कुछ फ्लैट खाली हैं तो चिल्हाटी में कुछ मकानों की बुकिंग नहीं हो सकी है। कुछ और मकान जरूर खाली हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि वे उपयोगहीन हैं।

**- एमडी पनारिया,** उपायुक्त, हाउसिंग बोर्ड

### मकान और दुकान बेचकर होगा फंड जेनरेट

*दरअसल हाउसिंग बोर्ड की कालोनियों में जहां अपार्टमेंट या फ्लैट बने हैं वहां बुकिंग और खरीदी की अधिक समस्या है। यहां मकानों की लागत प्रथम, द्वितीय व तृतीय मंजिल के आधार पर नीचे से ऊपरी फ्लोर की ओर बढ़ते क्रम पर निर्धारित की गई है। इसके चलते उपर के मकानों को लेने वाले नहीं मिल रहे हैं। कुल मिलाकर बिलासपुर डिविजन में 10 लाख से 45* ⏭ शेष पेज 4 पर

### सबसे बड़ी कमजोरी लोकेशन और क्वालिटी

*देखा जाए तो हाउसिंग बोर्ड की सबसे बड़ी कमजोरी लोकेशन और क्वालिटी है। आज लोग थोड़ा-सा अधिक पैसा लगाकर अच्छे लोकेशन में क्वालिटी हाउसिंग लेना चाहते हैं। यही वजह है कि प्राइवेट सेक्टर में हाउसिंग में तेजी है। भले ही हाउसिंग बोर्ड का दावा बेहतर गुणवत्ता वाले मकानों का है, लेकिन* ⏭ शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सीएम योगी ने साथी मंत्रियों संग किया गंगा स्नान



**महाकुंभ नगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने साथी मंत्रियों के साथ संगम में स्नान किया। प्रदेश के नीतिगत मामलों पर चर्चा के लिए अरैल के त्रिवेणी संकुल में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ स्नान के लिए मिनी क्रूज से संगम गए।

### शिकारियों की बिछाए तार की चपेट में आए दंपत्ति मृत



**कोरापुट।** ओडिशा के कोरापुट जिले के एक जंगल में शिकारियों द्वारा लगाए गए तारों के करंट की चपेट में आने से एक दंपत्ति की मौत हो गई। पुलिस के बताया कि बलराम गलेल और उनकी पत्नी बाला सड़क किनारे चाय की दुकान चलाते थे और सोमवार की शाम जंगल में जलावन के लिए लकड़ी लेने गए थे।

### बलिया में दो लोगों से 1.40 करोड़ की हेरोइन बरामद



**बलिया।** जिले की दुबहर पुलिस ने बुधवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1.40 करोड़ रुपये मूल्य की 700 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि दुबहर पुलिस ने चकिया के बारी बन्धे पर स्थित हनुमान मन्दिर के पास से अनिल सिंह और रिपुंजय तिवारी को गिरफ्तार किया।

### बोकारो में हुई मुठभेड़ में दो माओवादी ढेर



**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में बुधवार की सुबह सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गये। मुठभेड़ पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र में तड़के हुई। एक एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

### चिल्लई कलां में कश्मीर घाटी का पारा 8 डिग्री नीचे लुढ़का



**श्रीनगर।** कश्मीर में सर्दी का सबसे भीषण दौर 'चिल्लई-कलां' चल रहा है। 21 दिसंबर से शुरू हुई 40 दिनों की यह अवधि 30 जनवरी को समाप्त होगी। कश्मीर में ऊंचाई वाले इलाके में हुए हिमपात के बाद बुधवार को न्यूनतम तापमान में -8 डिग्री गिरावट दर्ज की गई।


## जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच पिछले 72 घंटे से मुठभेड़

# कुल्हाड़ीघाट जंगल में अब भी फायरिंग, और दो शव मिले, 14 का रायपुर में पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर/ बीजापुर

*गरियाबंद के मैनपुर कुल्हाड़ीघाट के जंगलों में बीते 72 घंटों से फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। बुधवार को भी यहां 2 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। कल बरामद किए गए नक्सलियों के 14 शवों को रायपुर लाया गया, जहां शाम तक पोस्टमार्टम का सिलसिला चला। इधर, बीजापुर में नक्सलियों के एक हाईटेक ठिकाने को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया है। नक्सलियों ने यहां पक्के बैरक और झोपड़ियां भी बनाए थे।*

मैनपुर-ओडिशा सीमा से लगे गरियाबंद जिले के मैनपुर कुल्हाड़ीघाट जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच पिछले 72 घंटे से मुठभेड़ जारी है। जिसमें फोर्स ने दो दिनों के भीतर 14 माओवादियों को मार गिराया। इस मुठभेड़ में एक करोड़ से ज्यादा इनाम वाला नक्सली जयराम चलपती भी मारा गया और मंगलवार को 14 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके थे, वहीं बुधवार को मुठभेड़ स्थल से दो वर्दीधारी नक्सलियों के शव और बरामद किए गए है। जिसमें एक पुरुष और एक महिला वर्दीधारी नक्सली शामिल है। वहीं मुठभेड़ में कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया था। उन्हें गंभीर हालत में रायपुर एयरलिफ्ट किया गया था, जिसका इलाज अस्पताल में जारी है। वहीं मंगलवार के मुठभेड़ में एसओजी नुआपाड़ा के आरक्षक धमेन्द्र भोई ⏭ शेष पेज 4 पर







### घेरे जा चुके हैं नक्सलियों के टॉप लीडर्स

जानकारी के अनुसार कुल्हाड़ीघाट के जंगल में जवानों ने टॉप नक्सली लीडर को घेर रखा है और बचाने नक्सली लगातार डिफेंसिव फायरिंग कर रहे हैं। वहीं नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब देने सुरक्षा बल के जवान पूरी तरह मोर्चा संभाल लिया है। सोमवार और मंगलवार को हुई मुठभेड़ में मारे गए 14 नक्सलियों के शव को बुधवार को रायपुर के अंबेडकर अस्पताल लाया गया है, जहां सभी का पोस्टमार्टम किया जाएगा। जवानों ने मुठभेड़ के दौरान एक करोड़ के इनामी नक्सली केंद्रीय कमेटी सदस्य जयराम उर्फ चलपती को भी मार गिराया है। पहली बार गरियाबंद में नक्सलियों के खिलाफ इतना बड़ा ऑपरेशन अंजाम दिया गया है।

### अब तक मिली 16 नक्सलियों की लाशें

इस आपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने एक एके-47, एक कन्ट्रीमेट रायफल और भारी मात्रा में नक्सली समाग्री भी बरामद की है। ज्ञात हो कि 19 जनवरी से मैनपुर क्षेत्र के कुल्हाड़ीघाट भालुडिग्गी पहाड़ी इलाके में पुलिस और नक्सलियो के बीच लगातार मुठभेड़ जारी है। यहां अब तक कुल 16 माओवादियों की शव बरामद किए जा चुके हैं। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा पूरे आपरेशन को लीड कर रहे हैं।

### ट्रेनिंग कैम्प में माओवादियों ने ऊंचे वृक्षों को भी ट्रेनिंग के लिए तैयार कर रखा था



**बीजापुर।** पीएलजीए बटालियन नं. 1 के कोर क्षेत्र भट्टीगुड़ा के जंगलों में माओवादियों ने अत्याधुनिक तरीके से ट्रेनिंग कैम्प बना रखा था। 21 जनवरी को कोबरा 201, 204 एवं 210 की संयुक्त कार्रवाई में जवानों ने माओवादियों के ट्रेनिंग कैम्प में धावा बोलकर कैम्प को अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही ट्रेनिंग कैम्प में बने स्मारक को भी ध्वस्त कर दिया। ट्रेनिंग कैम्प में माओवादियों ने ऊंचे वृक्षों को भी ट्रेनिंग के लिए तैयार कर रखा था, ट्रेनिंग के लिए बनाए गए थे ट्रेंच एवं जुटाए गए थे अन्य संसाधन।

# सीएम साय का फोकस सरगुजा पर उम्मीद यही कि विकास को लगेंगे पंख

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हरिभूमि खास



राज्य शासन और स्वंय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का फोकस लगता है अब सरगुजा की ओर है। तभी तो 13 साल बाद कोई सीएम इस बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरगुजा में ध्वजारोहण करने वाला है। जाहिर है इससे सरगुजा की राजनीति गर्म होगी तो क्षेत्र विकास की संभावनाओं को बल मिलेगा। सीएम साय जशपुर जिले के आदिवासी बेल्ट से हैं। वे सरगुजा की राजनीति को भी बहतर जानते और समझते हैं। उम्मीद लगाई जा रही है कि वर्षों से जिस विकास और प्रगति को सरगुजा के लाखों निवासी निहार और इंतजार कर रहे हैं, वह पूरी होगी। सीएम साय के सरगुजा पहुंचने से उस क्षेत्र में भाजपा और मजबूत होगी ऐसा विश्वास पार्टी के साथ ही वहां के कार्यकर्ता भी कर रहे हैं। बड़ी उम्मीद तो इस बात की भी है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने संबोधन में कुछ बड़ी ⏭ शेष पेज 4 पर

### राजपरिवार के इर्दगिर्द घूमती रही है राजनीति

*देखा जाए तो आजादी के बाद से ही सरगुजा की राजनीति राजपरिवार के इर्दगिर्द घूमती रही है। राज परिवार की राजनीतिक विरासत संभालने के बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सरगुजा की राजनीति के केन्द्र में रहे हैं। इस बीच भाजपा संगठन भी काफी मजबूत हुआ है तथा सरगुजा के अंतिम छोर तक अपनी पहुंच बनाने में कामयाब हुआ है। पिछले विधानसभा चुनाव में टीएस सिंहदेव ने सरगुजा की सभी 14 सीटों पर जीत दिलाकर अपने राजनीतिक प्रभाव को साबित कर दिखाया था। सत्ता की लड़ाई में लम्बे समय तक चली खींचतान ने राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया तथा कांग्रेस राजनीति के नेपथ्य में विलीन हो गई।*

### राजनीतिक बदलाव लाने का संदेश

नगरीय निकाय एवं जिला स्तरीय पंचायत चुनाव सत्ताधारी भाजपा सरकार एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फिलहाल नपं लखनपुर को छोड़कर सभी नगरीय निकायों, जनपद एवं जिला पंचायत में कांग्रेस की सरकार है। इन सभी सीटों पर फतह हासिल करना भाजपा के लिए आसान नही है। ऐसे में मुख्यमंत्री अपने प्रवास में सरगुजा की राजनीति पर फोकस कर सकते हैं। वे ⏭ शेष पेज 4 पर

## हिस्ट्रीशीटरों से लेकर राजनेताओं तक को नोटिस

# महाकुंभ अग्निकांड में आंतकी कनेक्शन, 10 हिरासत में, गुंडों से लेकर राजनेता तक संदिग्ध



एजेंसी ⏭ प्रयागराज

प्रयागराज महाकुंभ मेले में 19 जनवरी को लगी आग के बाद यूपी और देश की सुरक्षा एजेंसियां इस घटना की जांच में जुट गई हैं। एटीएस, एसटीएफ और एनआईए स्पेशल स्टेट स्क्वॉड इसके नेटवर्क को खंगाल रहे हैं। आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स का नाम सामने आने बाद सुरक्षा एजेंसियों ने कई संदिग्धों को अपने दफ्तरों में बुलाकर पूछताछ कर चुकी हैं, अभी आठ-दस लोगों के की हिरासत में होने की भी सूचना है। जांच एजेंसियों ने नोटिस जारी कर गैर हिंदू समुदाय के लोगों से पूछा है कि यहां क्यों आए। महाकुंभ में अग्निकांड के बाद आतंकी संगठन की संलिप्पता की जानकारी लगते ही एटीएस ने ⏭ शेष पेज 4 पर

- **यूपी में 100 संदिग्धों को नोटिस, इसमें 90% गैर-हिंदू; पूछा-यहां क्यों आए?**

### आतंकवादी संगठन ने ली है जिम्मेदारी

मंगलवार को इस आग की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है। केजेडएफ ने मंगलवार को मीडिया संस्थानों को ई-मेल भेजकर दावा किया कि यह पीलीभीत एनकाउंटर का बदला है। आतंकी संगठन ने कनाडा और पंजाब के पत्रकारों को ई-मेल भेजा है। खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने कहा, कि मुख्य उद्देश्य किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं था। यह सिर्फ यूपी के सीएम के लिए एक अलर्ट है। यह अभी शुरुआत है। ई-मेल में फतेह सिंह बागी का नाम लिखा है। हालांकि यूपी पुलिस ने खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के दावे को नकार दिया है। पीलीभीत एनकाउंटर 23 दिसंबर को हुआ था।

### हिस्ट्रीशीटरों से लेकर राजनेता तक राडार पर

वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ समेत यूपी में 100 से अधिक गैर समुदाय के लोग संदिग्धों को नोटिस भेजा है। इसमें 90 फीसदी गैर समुदाय के लोग हैं। जिन्हें इस कुंभ में नहीं होना चाहिए था, हालांकि इनके साथ जाने वाले या ले जाने वालों पर भी सवाल उठे हैं। एटीएस की सूची में हिस्ट्रीशीटरों से लेकर विभिन्न दलों के राजनेता, संदिग्ध अपराधी और संदिग्ध गतिविधियों में चिह्नित गैर प्रदेशों के रहने वाले लोग भी शामिल हैं।

# टीपाखोल डेम में घूमने आए अपर कलेक्टर के बेटे की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड थाना क्षेत्र अंतर्गत टीपाखोल डेम में घूमने गए दोस्तों के साथ बड़ी अनहोनी हो गई। हादसे में बालोद जिले में पदस्थ अपर कलेक्टर के बेटे की डेम में डूबकर मौत हो गई। दरअसल, स्पीकर को पानी से निकालने के दौरान यह हादसा होने की बात कही जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बालोद जिले में पदस्थ अपर कलेक्टर अजय लकड़ा का बेटा ⏭ शेष पेज 4 पर

- **स्पीकर को पानी से निकालने की कोशिश में डूब गया युवक**



### रातभर चला रेस्क्यू

युवक के डेम में डूबने से मौत होने की सूचना मिलते ही गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और रात भर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। सुबह करीब 7 बजे युवक का शव मिला।

**-बी कुजूर,** जिला सेनानी

*आईसीसी का होगा लोगो जिसमें शामिल है पाकिस्तान की छाप*

# चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम पहनेगी 'पाकिस्तान' लिखी जर्सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 19 फरवरी से शुरू होने जा रही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी पर 'पाकिस्तान' नाम छापने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि वह इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का हर हाल में पालन करेंगे। उसने यह भी पुष्टि कर दी है कि भारतीय जर्सी पर आधिकारिक आईसीसी लोगो होगा, जिसमें पाकिस्तान की छाप शामिल है। अब इस बयान से मचे बवाल पर पूरी तरह से विराम लग गया है।




### पीसीबी ने आईसीसी से जताई थी उम्मीद

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी ने इस पूरे मामले पर आईसीसी से उम्मीद जताई थी। उनका मानना था कि आईसीसी इस मुद्दे पर पाकिस्तान का समर्थन करेगी। हमारा मानना है कि आईसीसी ऐसा नहीं होने देगा और पाकिस्तान का समर्थन करेगा।

### बीसीसीआई ने क्या कहा

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने इस पूरे मामले पर क्रिकबज से बातचीत करते हुए कहा, हम आईसीसी के हर दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे। जब उनसे पूछा गया कि आईसीसी के आधिकारिक लोगो के नीचे पाकिस्तान लिखा है। इस पर उन्होंने फिर कहा, हम आईसीसी के सभी निर्देशों का पालन करेंगे।

## राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी किए मुक्त चुनाव चिन्ह

*मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल लड़ेंगे अपने चिन्ह पर*

# निर्दलीय मेयर प्रत्याशी स्लेट, कांच का गिलास सीट, चिन्ह पर लड़ेंगे, पार्षदों को अलमारी, गुब्बारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव दलीय आधार पर हो रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रत्याशी अपने-अपने दलों के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगे, लेकिन सभी पदों के लिए निर्दलीय प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह अलग-अलग होंगे। इन्हें मुक्त प्रतीक कहा जाता है। राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रतीक चिन्ह जारी किए हैं। अब मेयर, नगर पालिका अध्यक्ष और वार्डों के चुनाव लड़ने वाले ऐसे प्रत्याशी जो निर्दलीय के रूप में मैदान पर होंगे, उनके लिए चुनाव चिन्ह तय हैं। मेयर और पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को कांच का गिलास, ट्यूबलाइट, अंगूठी, सेव, बाल्टी कुंआ जैसे चिन्ह मिलेंगे। वहीं पालिका अध्यक्ष और पार्षदों के लिए सिलाई मशीन, गुब्बारा, बिस्किट, फूल गोभी और डिश एंटीना जैसे प्रतीक चिन्हों पर चुनाव लड़ना होगा। राज्य में होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव दलीय आधार पर होते हैं। इनमें कांग्रेस, भाजपा जैसे मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों, मान्यता प्राप्त राज्यीय दलों और अमान्यता प्राप्त रजिस्ट्रीकृत राजनीतिक दलों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय उनके प्रतीक चिन्ह दिए ⏭ शेष पेज 4 पर




### मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायतों के लिए ये चिन्ह

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पालिक निगम के मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायतों के पार्षदों के लिए दो भागों में चुनाव चिन्ह तय किए हैं। ये चिन्ह इस प्रकार हैं। स्लेट, कांच का गिलास, ट्यूबलाइट, स्टूल, रोड रोलर, सीटी, प्रेशर कुकर, गले की टाइ, बेंच, अंगूठी, गैस सिलेंडर, हारमोनियम, डीजल पंप, चक्की, मेज, सेव, केतली, फ्राक, बाल्टी, द्वार घंटी, कुंआ, ऑटो रिक्शा, फूलों से युक्त टोकरी, एयर कंडीश्नर, केक, चिमनी, हीरा, बांसुरी, वगैरह शामिल हैं।

### निकायों के पार्षदों के लिए होंगे ये चुनाव चिन्ह

*इसी प्रकार प्रतीक चिन्हों की दूसरी सूची में शामिल चिन्ह इस तरह है। इस सूची में शामिल प्रतीक चिन्ह नगर निगम, पालिका और नगर पंचायतों के पार्षदों के लिए रखे गए हैं। इसमें सिलाई की मशीन, ब्लैक बोर्ड, टेलीफोन, लैटर बॉक्स,* ⏭ शेष पेज 4 पर

## चिंतन

# 21वीं सदी में भी जानलेवा क्यों बन रही हैं अफवाहें

अफवाह शब्द सुनते ही सबसे पहले जहन में यही आता है कि इसमें कोई सच्चाई नहीं। इस शब्द का अर्थ भी यही है कि सच पर खरा न उतरना। सामाजिक विज्ञान में ऐसे कथनों को अफवाह कहते हैं जिसकी सत्यपरकता शीघ्र या कभी भी न जांची जा सके। कुछ विद्वान अफवाह को अधिप्रचार (प्रोपेगेंडा) का ही एक रूप मानते हैं, लेकिन अनेक ऐसे मौके आते हैं जब ये अफवाह जनलेवा साबित हो जाती है। ऐसा ही बुधवार को भी हुआ। एक अफवाह के कारण महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा ट्रेन हादसा हो गया है। यहां परधाड़े रेलवे स्टेशन पर पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गई। इसके बाद किसी ने चेन पुलिंग कर दी और कई पैसेंजर्स चलती ट्रेन से पटरी पर कूद गए। ये पैसेंजर्स अभी पटरी पर ही थे। इस दौरान दूसरे ट्रैक से आ रही कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया, जिसमें 8 से 10 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 12629 कर्नाटक संपर्क क्रांति यशवंतपुर से हजरत निजामुद्दीन जा रही थी। जबकि पुष्पक एक्सप्रेस लखनऊ से मुंबई जा रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रेक लगाने पर पुष्पक एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकला था। इसी के चलते यात्रियों के बीच ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैली। इसके बाद कई यात्रियों ने कोच के बाहर छलांग लगाई थी। यह कोई पहला और आखिरी अवसर नहीं है जब अफवाह जानलेवा साबित हुई हो। देश में यदाकदा ऐसे खबरें देखने और सुनने को मिलती रहती हैं। यह विडंबना ही है कि जागरूक समाज बनाने के दावे के तहत जिस डिजिटल इंडिया के नारे को जोर-शोर से बढ़ावा दिया गया, आज वह बहुत सारे लोगों को ऐसी भीड़ में तब्दील कर रहा है जो किसी खबर पर सोचने और उसके सही या गलत होने का अंदाजा लगा पाने में सक्षम नहीं है। असल में कोई अफवाह तभी खतरनाक होती है जब उसे खारिज न किया जाए या फिर उसे नकारने के लिए पुष्ट सूत्र न हों। हम लगातार देखते आ रहे हैं कि हमारे धार्मिक आयोजनों में ऐसी अफवाह ज्यादा दुःखद रूप लेती है। भारी भीड़ के कारण भगदड़ मचने के और भी कई उदाहरण होते हैं। इसके लिए कहीं न कहीं इंतजामों की कमी भी जिम्मेदार होती है। वास्तव में लोग अपने-अपने ढंग से बात पर भरोसा करते हैं। ऐसे में जरा सी भी ऊंच-नीच हादसे का कारण बन जाती है। भारी भीड़ के बीच छोटी सी अफवाह भी बड़ा रूप ले लेती है। साल 2011 में केरल के इडुक्की जिले में एक जीप सबरीमाला मंदिर में दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं से टकरा गई थी। इसके बाद ऐसी अफवाह फैली, जिससे भगदड़ मच गई और इसमें 104 श्रद्धालुओं की जान चली गई। इसी तरह हाथरस में सत्संग स्थल पर सवा लाख लोग मौजूद थे। वहां भी ऐसी ही अफवाह फैली कि बड़ा हादसा हो गया। क्योंकि मौके पर अफवाह को नकारने वाला कोई मौजूद नहीं था। अगर कोई ट्रेन में आग लगने का खंडन करने वाला होता तो आज इस हादसे से बचा जा सकता था। वैसे कहने को तो हमारी रेलवे बहुत सुरक्षित हो रही है। कितना दुःखद है कि ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैली और उसे नकारने के लिए कोई मौजूद ही नहीं था। ट्रेन के हर डिब्बे में टीटी होता है। रेलवे पुलिस के जवान भी तैनात रहते हैं। जांच का विषय है कि अफवाह फैलने के दौरान वे सब कहां थे। जब इतनी ज्यादा संख्या में यात्री ट्रेन से कूद रहे थे तब किसी ने उस तरफ ध्यान क्यों नहीं दिया। इसकी जांच करवाकर दोषी को सजा दी जानी चाहिए। जब हम सख्ती दिखाएंगे तभी ऐसे हादसों पर लगाम लगाई जा सकती है।




विमर्श
अवधेश कुमार

# मोहन भागवत के वक्तव्य के मायने

कोई 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता दिवस न माने तो उसका विरोध स्वाभाविक होगा। उसके बाद राहुल गांधी का बयान सबसे ज्यादा चर्चा और बहस में है कि मोहन भागवत ने जो कहा वह संघ का विचार है और हम उसी के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने अपने केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर यहां तक कह दिया कि यह मत मानिए कि हमारा संघर्ष संघ और भाजपा जैसे किसी राजनीतिक संगठन से है, हमें पूरे इंडियन स्टेट यानी भारतीय राज्य से संघर्ष करना है। संपूर्ण भारतीय राज्य के विरुद्ध संघर्ष भी लोकसभा में विपक्ष के नेता द्वारा, जिसने संविधान के तहत शपथ ली हो, सामान्य तौर पर न स्वीकार हो सकता है न गले उतर सकता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत द्वारा इंदौर के एक कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस और अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर दिए गए वक्तव्य से देश में राजनीति, गैर राजनीतिक एक्टिविज्म चारों ओर बवंडर मचा हुआ है। विरोधी आरोप लगा रहे हैं कि संघ 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता दिवस मानता ही नहीं और भागवत ने 22 जनवरी, 2024 यानी पौष शुक्ल द्वादशी से स्वतंत्रता दिवस मानने और मनाने की अपील की है। कोई 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता दिवस न माने तो उसका विरोध स्वाभाविक होगा। उसके बाद राहुल गांधी का बयान सबसे ज्यादा चर्चा और बहस में है कि मोहन भागवत ने जो कहा वह संघ का विचार है और हम उसी के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने अपने केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर यहां तक कह दिया कि यह मत मानिए कि हमारा संघर्ष संघ और भाजपा जैसे किसी राजनीतिक संगठन से है, हमें पूरे इंडियन स्टेट यानी भारतीय राज्य से संघर्ष करना है। संपूर्ण भारतीय राज्य के विरुद्ध संघर्ष भी लोकसभा में विपक्ष के नेता द्वारा, जिसने संविधान के तहत शपथ ली हो, सामान्य तौर पर न स्वीकार हो सकता है न गले उतर सकता है।

राहुल गांधी के वक्तव्य पर आगे विचार करेंगे, पहले यह देखें कि डॉ. भागवत और संघ, भाजपा सहित पूरे विचार परिवार के विरुद्ध चल रहे अभियान का सच क्या है? भागवत के इंदौर के भाषण के वीडियो उपलब्ध हैं और कोई भी सुन सकता है। वे बोल रहे हैं- 'भारत स्वतंत्र हुआ 15 अगस्त को। राजनीतिक स्वतंत्रता आपको मिल गई। हमारा भाग्य निर्धारण करना हमारे हाथ में है। हमने एक संविधान भी बनाया, एक विशिष्ट दृष्टि, जो भारत के अपने स्व से निकलती है, उसमें से वह संविधान दिग्दर्शित हुआ, लेकिन उसके जो भाव हैं, उसके अनुसार चला नहीं और इसलिए, हो गए हैं स्वप्न सब साकार कैसे मान लें, टल गया सर से व्यथा का भार कैसे मान लें।'साफ है जो भाषण सुनेगा और निष्पक्षता से विचार करेगा, वह वर्तमान विरोधों, विवादों से सहमत नहीं हो सकता। हमारे देश की बौद्धिक, एक्टिजिज्म और राजनीति की दुनिया ने लंबे समय से दुष्प्रचार कर रखा है कि संघ स्वतंत्रता दिवस को मानता ही नहीं। तिरंगा झंडा को स्वीकार नहीं करता और संविधान को खारिज करता है। इसलिए किसी भी वक्तव्य को उसके सच और संदर्भ से काटकर दो-चार शब्दों के आधार पर आलोचना और हमला स्वभाव बन गया है। जरा बताइए, इन पंक्तियों में कहां है कि हमें 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता मिली ही नहीं? दूसरे, इसमें भारतीय संविधान को खारिज करने का एक शब्द है क्या? वो कह रहे हैं कि भारतीय संविधान एक विशिष्ट दृष्टि स्व से निकला। क्या यह सच नहीं है कि हमने स्वयं संविधान की भावनाओं के अनुरूप न देश के लोगों के अंदर भारत के संस्कार को लेकर जागृति पैदा की, न उसके अनुसार व्यवस्थाओं की रचना की? महात्मा गांधी ने 15 अगस्त, 1947 को कोई वक्तव्य जारी नहीं किया। उन्होंने अपने साथियों से कहा कि क्या ऐसे ही स्वराज के लिए हमने संघर्ष किया था? उन्होंने स्पष्ट लिखा कि हमें अंग्रेजों से राजनीतिक स्वतंत्रता मिल गई किंतु सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक स्वतंत्रता के लिए पहले से ज्यादा लंबे संघर्ष और परिश्रम की आवश्यकता है। हम आप गांधी जी को स्वतंत्रता दिवस विरोधी घोषित कर देंगे? उन्होंने न जाने कितनी बार बोला और लिखा कि हम अंग्रेजों से केवल राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए संघर्ष नहीं कर रहे हैं। भारत ही एकमात्र देश है जो दुनिया को दिशा दे सकता है। भारत



का ध्येय अन्य देशों से भिन्न है। धर्म वह क्षेत्र है जिसमें भारत दुनिया में सबसे बड़ा हो सकता है। यह सच है कि भारत को समझने वाले ज्यादातर मनीषियों ने ऐसे भारत की कल्पना की जो अपने धर्म, अध्यात्म, संस्कृति और सभ्यता के आधार पर ऐसा महान और आदर्श देश बनेगा जिससे विश्व सीखेगा कि सद्भाव, संयम, त्याग और साहचर्य के आधार पर कैसे कोई राष्ट्र महान बन सकता है। विश्व गुरु कहने के पीछे भाव भी यही है। किंतु जब आप हम क्या हैं और क्या होना है यही नहीं समझेंगे तो राष्ट्र का निश्चित लक्ष्य ओझल हो जाता है।

इस संदर्भ में मोहन भागवत की अगली पंक्ति भी देखनी चाहिए।' हमारा स्व क्या है? राम, कृष्ण, शिव, यह क्या केवल देवी - देवता हैं, या केवल विशिष्ट उनकी पूजा करने वालों के हैं? ऐसा नहीं है। राम उत्तर से दक्षिण भारत को जोड़ते हैं।'उन्होंने कहीं नहीं कहा कि पौष शुक्ल द्वादशी को स्वतंत्रता दिवस मनाना है। इसे प्रतिष्ठा द्वादशी के नाम से संपूर्ण देश से मनाने की अपील की। जिन्हें भारतीय पंचांग व तिथियों की गणना, कैलेंडर तथा एकादशी के महत्व का ज्ञान नहीं उनके लिए समझना कठिन होगा। भागवत ने कहा कि हमें स्वतंत्रता थी लेकिन वह प्रतिष्ठित नहीं हुई थी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ वह प्रतिष्ठित हुई इसलिए उसे प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाया जाना चाहिए। थोड़ा दुष्प्रचारों से अलग होकर सोचिए कि आखिर आक्रमणकारियों ने हमारे धर्म स्थलों को ध्वस्त क्यों किया? इसीलिए कि हमारा स्व मर जाए, उन स्थलों, प्रतिस्थापित प्रतिमाओं या निराकार स्वरूपों को लेकर हमारे अंदर का आस्था विश्वास नष्ट हो, उनके प्रति हम अपमानित महसूस करें? स्वतंत्रता के लिए लंबा संघर्ष हुआ जिनका मूल लक्ष्य स्व की प्रतिस्थापना थी। इस संदर्भ में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर मुक्ति का आंदोलन किसी के विरोध के लिए नहीं, स्व जागृत करने और पाने के लिए था। राजनीतिक नेतृत्व इस रूप में से लेता तो आंदोलन इतना लंबा चलता ही नहीं। ध्यान रखिए, भागवत उस कार्यक्रम में बोल रहे थे जहां श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय को राष्ट्रीय देवी अहिल्या पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि यह दिन अयोध्या में राम मंदिर के पुनर्निर्माण और भारतीय संस्कृति की पुनर्स्थापना का प्रतीक बन गया है। जिनके लिए अयोध्या आंदोलन ही गलत हो वे इस भाव को नहीं समझ सकते। तब भी मान लीजिए कि किसी का डॉ. भागवत या संघ की सोच से मतभेद होगा। किंतु जो उन्होंने कहा बहस उस पर होगी या जो कहा नहीं, उस पर? क्या इस तरह का झूठ फैलाना और लोगों के अंदर हिंसा का भाव पैदा करना संविधान की प्रतिष्ठा है? राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं और उन्हें पद और गरिमा का भान होना चाहिए। चूंकि लोकसभा चुनाव से मुस्लिम मतों का रुझान कांग्रेस की ओर दिखा है और इसे बनाए रखने पर पूरा फोकस है। लगता है जितना संघ का विरोध करेंगे, आक्रामक होंगे हमारे पक्ष में वोटो का ध्रुवीकरण होगा। वास्तव में डा. भागवत ने तो एक संतुलित विचार दिया जबकि राहुल गांधी की बात हिंसा और उत्तेजना पैदा करने वाली है। कांग्रेस के परंपरागत नेताओं को भी विचार करना चाहिए कि क्या इस सोच से उनका जन समर्थन बढ़ेगा? क्या यह उन मूल्यों के के विरुद्ध आघात नहीं होगा जिनके लिए स्वतंत्रता संघर्ष हुआ? क्या यह अंततः भारतीय मानस के हित में होगा?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह




# जय-पराजय को जीवन संघर्ष का अभिन्न अंग मानते थे बोस

वह चार जुलाई,1944 का दिन था, जब आजाद हिन्द फौज के सुप्रीम कमांडर के तौर पर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने बर्मा (अब म्यांमार) में 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' के नारे के साथ भारतीयों से आजादी की कीमत चुकाने का आह्वान किया। उस वक्त उनके शब्द थे, '...अपनी कमर कस लें। यहां किसी को भी आजादी का आनंद लेने के लिए जीने की इच्छा नहीं होनी चाहिए। एक लंबी लड़ाई हमारे सामने है। आज हमारे अंदर बस एक ही इच्छा होनी चाहिए- मरने की इच्छा...ताकि भारत जी सके...ताकि आजादी के रास्ते शहीदों के खून से प्रशस्त हो सकें।' अनंतर, उन्होंने एक इससे भी बड़ी बात कही थी। यह कि आज़ादी दी नहीं जाती, ली जाती है और जो लोग अपने लिए आजादी चाहते हैं, उनका कर्तव्य है कि उसकी कीमत अपने खून से चुकाएं। इससे पहले उनके नेतृत्व में न सिर्फ निर्वासित आजाद हिन्द सरकार का गठन किया जा चुका था, बल्कि इस सरकार की इसी नाम की फौज ने अपने सैन्य अभियान का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था और अपने ऐतिहासिक 'दिल्ली चलो' अभियान की कामयाबी के विश्वास से भरी हुई थी। लेकिन विडम्बना कि इसके कुछ ही दिनों बाद भारत की एक-एक इंच भूमि को फिरंगियों के कब्जे से आजाद कराने की उनकी उम्मीदों पर घोर तुषारापात का दौर आरम्भ हो गया और कोहिमा में 4 अप्रैल, 1944 से 22 जून 1944 के बीच तीन चरणों में लड़े गये विकट युद्ध में हाथ आई पराजय ने उसकी धुन व सपनों दोनों का अंत कर दिया। ऐसा नहीं हुआ होता तो निस्संदेह, आज हमारे देश का इतिहास कुछ और होता। वह तब भी कुछ और ही होता, अगर हमने असमय नेता जी को खो नहीं दिया होता। क्योंकि वे इस एक पराजय से विचलित होकर फिरंगियों का प्रतिरोध त्याग देने वाले नहीं थे और जय और पराजय को जीवन संघर्ष का अभिन्न अंग मानते थे। वे कहते थे कि अगर जीवन में संघर्ष न रहे और किसी भय का सामना न करना पड़े, तो जीवन का आधा स्वाद ही समाप्त हो जाता है।' गैरबराबरी को लेकर तो उनका चिंतन इस मोड़ तक पहुंच गया था कि कई बार वे स्वयं से ही पूछते थे : यदि हमारे समाज में एक भी व्यक्ति ऐसा है जो अपनी आवश्यकताएं पूरी नहीं कर सकता तो मुझे सुखी जीवन जीने का क्या अधिकार है? अपने छुटपन में वे अपने घर के सामने भीख मांगकर गुजारा करने वाली एक वृद्धा के कष्ट देखकर बहुत विचलित हो जाते और सोचने लगते थे कि देश में यह कैसी व्यवस्था है जिसमें उसे दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती और वह जाड़े, बरसात, धूप और आंधी-तूफान से बचने के लिए सिर छुपाने की जगह की भी मोहताज है? उन्हें उसकी समस्या का तत्काल कोई निदान नहीं सूझा तो उन्होंने बस के बजाय पैदल कॉलेज जाना शुरू कर दिया और इससे बचने वाले पैसों से उसकी मदद करने लगे थे। आगे चलकर संभवतः इसी तरह के सवालों के जवाब ढूंढते-ढूंढते उन्होंने उन दिनों की सबसे प्रतिष्ठित इंडियन सिविल सर्विस (आईसीएस) में अपने चुनाव के बावजूद उसके फलस्वरूप मिलने वाला सुख-समृद्धि व सुविधाओं वाला जीवन त्याग दिया और स्वतंत्रता संघर्ष का कांटों से भरा हुआ रास्ता चुन लिया। प्रसंगवश, आईसीएस के इंटरव्यू के दौरान भी उन्हें गुलामी का एक बेहद तल्ख अहसास हुआ था। दरअसल, इंटरव्यू में अंग्रेज अफसर भारतीय अभ्यर्थियों से जान-बूझकर उलटे-सीधे प्रश्न पूछकर उन्हें अपमानित कर रहे थे। उनकी बारी पर उन्होंने उनसे भी मजाक उड़ाने के लिए पूछा कि छत पर जो पंखा घूम रहा है, उसमें कितनी पंखुड़ियां हैं? उन्होंने तेज गति से चल रहे पंखे पर नजर डाली तो अफसर उन पर हंसने लगे। लेकिन उन्होंने संतुलन खोये बगैर कहा 'हम भारतीय अपनी बुद्धि से जटिल से जटिल प्रश्न का हल खोज लेते हैं, यह प्रश्न तो उसके आगे कुछ भी नहीं है।' फिर वे उठे और पंखे का स्विच ऑफ कर दिया। फिर उसके रुकते ही उसकी पंखुड़ियां गिनीं और उनकी संख्या बता दी। उनकी सहृदयता की एक मिसाल यह थी कि छात्र जीवन में उनके एक मित्र को चेचक हो गई। सुभाष ने उस मित्र के पास पहुंचकर उसकी सेवा-सुश्रूषा शुरू कर दी। यह जानकर उनके पिता ने उनसे कहा कि इससे तुम्हें भी चेचक हो सकती है। इस पर सुभाष का दो टूक उत्तर था : अब तो जो भी हो, मैं अपने मित्र को अकेला नहीं छोड़ सकता। जवाब सुनकर पिता भाव-विभोर हो उठे थे। उनकी आंखें भर आई थीं और उन्होंने कहा था, 'मुझे गर्व है कि तुम मेरे बेटे हो।' बाबा नागार्जुन भी अपनी 'उनको प्रणाम' कविता में नेता जी जैसे नायकों के लिए यह पंक्ति लिखते हुए उतने ही भाव-विभोर रहे होंगे : 'थी उग्र साधना पर जिनका जीवन नाटक दुःखांत हुआ।'

((लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मसतिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मो में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।


## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नव वर्ष का संकल्प कैसा हो

नववर्ष एक खाली पन्नों की किताब की तरह खड़ा होता है, अब यह हमारे ऊपर निर्भर होता है कि हम उस पहले पन्ने पर क्या लिखेंगे। इस किताब को अवसर कहते हैं और पहला पन्ना पहला दिन है। नववर्ष 2025 का अंग्रेजी महीना आरंभ हो गया। नया वर्ष, नई उमंग लेकर आता है। नववर्ष पर हम एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं, बहुत से लोग इस दिन धार्मिक स्थलों की यात्रा कर इस वर्ष में सब कुछ मंगलमय हो, यह कामना करते हैं। वक्त का पहिया चलता रहता है। कितने युग इस पहिए के आगे आए, कितने पीछे छूट गए, ऐसे ही साल आते हैं और बीत जाते हैं। संकल्प लें कि हम खुद की खुशियों के साथ-साथ दूसरों की जिंदगी में भी खुशियों को लाने की कोशिश करेंगे।

*-जगजीवन राम साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### दिल्ली में भी होगा विकास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत को अधोसंरचना के क्षेत्र में शिखर पर पहुंचा दिया है। अब दिल्ली को भी विकास और प्रगति की मुख्यधारा से जुड़ना होगा।



**-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री**

### ग़लत बटन मत दबा देना

बहुत मेहनत से दिल्ली के स्कूलों को ठीक किया है। ये लोग आ गए तो दिल्ली के सरकारी स्कूल बंद कर देंगे और स्कूलों की ज़मीनें अपने दोस्त को दे देंगे। ग़लत बटन मत दबा देना। नहीं तो आपके बच्चों का भविष्य ख़राब हो जाएगा।



**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### सबको साथ लेकर चलें

दान या परोपकार करना अच्छी बात है। परन्तु दाता के मन में अहंकार और बदले में प्रशंसा पाने की इच्छा रहती है, तो समाज में मानवीय गरिमा स्थापित नहीं हो सकती। जो किसी भी कारण से पीछे छूट गए हैं, उन्हें साथ लेकर चलना ही धर्म है।



**-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता**

### देश में पर्याप्त संसाधन

यदि उचित रूप से दोहन किया जाए, तो भारत के पास ईवी को बिजली देने, बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और हरित प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और तैनात करने के लिए संसाधन हैं जो हमारे भविष्य के लिए आवश्यक हैं।



**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# चीन के करीब आ रहे पूर्व अमेरिकी सहयोगी देश

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदासीन होने के साथ ही, जो बाइडन के समय में अमेरिका के सहयोगी रहे जापान और भारत जैसे देशों के साथ चीन के संबंध बेहतर होने शुरू हो गए हैं। वाशिंगटन में सोमवार को हुआ नेतृत्व परिवर्तन चीन के लिए एक अवसर हो सकता है, जिसने लंबे समय से अपने बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की "समान विचारधारा वाले देशों" के साथ साझेदारी बनाने की रणनीति के खिलाफ आवाज उठाई थी। बाइडन ने 'क्वाड' नामक समूह को फिर से मजबूत किया जिसमें अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया हैं। अमेरिका के इन तीनों साझेदारों के साथ चीन के संबंध बेहतर हो रहे हैं, जैसे कि ब्रिटेन के साथ उसके संबंध हैं। बाइडन की इस विरासत के स्थायित्व पर सवाल पैदा हो गया है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान, ट्रंप ने पारंपरिक अमेरिकी भागीदारों को चुनौती देने में संकोच नहीं किया था। शंघाई में फुडन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान के डीन वू शिनबो ने कहा, "यह संभव है कि ट्रंप अमेरिकी सहयोगियों से अलग हो जाएं, जिससे वे चीन की भूमिका पर अधिक ध्यान देंगे और वास्तव में इसने चीन की कूटनीति को एक मौका दिया है।



## ऑफ बीट

# भारत, सिंगापुर राजनयिक संबंधों के 60 साल पूरे

सिंगापुर में भारतीय उच्चायोग सिंगापुर फिल्म सोसाइटी के सहयोग से भारतीय फिल्म महोत्सव 2025 (आईएफएफ 2025) का आयोजन करेगा और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 60 साल पूरे होने के मौके पर सिंगापुर की जनता के लिए 18 फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने कहा कि इस महोत्सव को वार्षिक आयोजन बनाने के प्रयास किए जाएंगे, जो इस साल 24 जनवरी से शुरू होकर 2 मार्च तक चलेगा। अंबुले ने बुधवार को कहा, ''दशकों पहले बनीं क्लासिक फिल्मों से लेकर क्षेत्रीय भाषाओं की हिट फिल्मों तक की मिश्रित श्रृंखला का चयन किया गया है। इसे सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से गैर-व्यावसायिक आधार पर आयोजित किया जा रहा है।'' महोत्सव में हर सप्ताहांत तीन फिल्में सनटेक सिटी के गोल्डन विलेज सिनेमा में दिखाई जाएंगी, जो सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट में एक विशाल शॉपिंग और मनोरंजन परिसर है। कुल मिलाकर, महोत्सव में भारत की सात अलग-अलग भाषाओं में विभिन्न शैलियों की 18 फिल्में दिखाई जाएंगी। फिल्मों को अंग्रेजी सबटाइटल के साथ दिखाया जाएगा ताकि सभी सिंगापुरवासी उनका आनंद ले सकें।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## इंस्टाग्राम पर शाहरुख को पछाड़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर जन्नत जुबैर ने शाहरुख खान को पीछे छोड़ते हुए इंस्टाग्राम पर उनसे अधिक फॉलोअर्स बना लिए हैं। बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले अभिनेता शाहरुख खान भारत से लेकर विदेशों तक लाखों-करोड़ों लोगों के दिलों पर राज करते हैं। सोशल मीडिया पर भी उनके चाहने वालों की बहुत बड़ी तादाद है, लेकिन अभिनेता को 23 साल की अभिनेत्री और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर ने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में पीछे छोड़ दिया है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जन्नत जुबैर ने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को पीछे छोड़ते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जन्नत जुबैर की बढ़ती लोकप्रियता डिजिटल क्रिएटर्स के बढ़ते प्रभाव को दिखाती है। इंस्टाग्राम पर जहां शाहरुख खान के 47.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वहीं, जन्नत के 49.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



### असल मेले में शूट हुई थी इरफान खान की फिल्म 'हासिल'

# कुंभ के मेले में 'खो' गए थे अमिताभ, विनोद और ऋषि

**नई दिल्ली।** कुंभ मेले का भारतीय आस्था से जितना जुड़ाव है। उतना ही कनेक्शन है बॉलीवुड से भी। बॉलीवुड में कुंभ से जुड़ी कई सारी फिल्म और डायलॉग्स जुड़े हैं। कुंभ के मेले को भारत में एक बड़ा महापर्व है। इस मेले में जहां एक ओर धार्मिक मान्यताएं और लोगों की आस्था जुड़ी है, वहीं इसका बॉलीवुड से भी खास कनेक्शन रहा है। किसी फिल्म में कुंभ के मेले से मिलते डायलॉग्स हैं तो किसी में कुंभ के मेले की खूबसूरत झलक।

**हासिल (2003) :** इरफान खान स्टारर 'हासिल' फिल्म का क्लाइमैक्स सीन असली कुंभ के मेले में शूट हुआ था। फिल्म को लेकर ऋषिता भट्ट ने एक इंटरव्यू में बताया कि क्लाइमैक्स सीन के दौरान उन्हें भागना था, ऐसे में साधुओं ने सोचा कि सच में कोई उन्हें परेशान कर रहा है। वहीं, फिल्म निर्देशक तिग्मांशु धूलिया ने भी एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म के प्रोडक्शन के लिए उनके पास फंड नहीं था। ऐसे में उनके थिएटर ग्रुप के दोस्तों ने आगे आकर उनके लिए पैसे का इंतजाम किया। वे इलाहाबाद गए और 10 दिन तक कुंभ मेले में क्लाइमैक्स शूट करके लाए। इसके बाद फिल्म के निर्माण के लिए उन्हें प्रड्यूसर मिले थे।



**अमर अकबर एंथोनी (1977) :** अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना और ऋषि कपूर की सुपरहिट फिल्म की कहानी कुंभ के मेले में ही जाकर बिछड़े भाइयों पर आधारित है, जो यहीं से बिछड़ कर अलग-अलग रास्तों पर चले जाते हैं। फिल्म में कुंभ से जुड़ा डायलॉग था- कुंभ के मेले में बिछड़े ये भाई अब मिलेंगे या नहीं।



**लक्ष्मी बॉम्ब (2020) :** साल 2020 में आई फिल्म 'लक्ष्मी बॉम्ब' में कुंभ मेले के डायलॉग का जिक्र है। इस फिल्म का डायलॉग था- 'कुंभ के मेले जो खो गया है, उसे फिर ढूंढ पाना मुश्किल है, लेकिन यादें हमेशा साथ रहती हैं।'



**तुझे मेरी कसम (2003) :** साल 2003 में आई फिल्म 'तुझे मेरी कसम' फिल्म में भी कुंभ से जुड़ा एक डायलॉग है। 'कहीं कुंभ के मेले में तो नहीं बिछड़ गए थे, ऐसे अजनबी क्यों लगते हो।'



**धर्मात्मा (1975) :** धर्मात्मा फिल्म साल 1975 में आई। इसमें रेखा, हेमा मालिनी और फिरोज खान की फिल्म धर्मात्मा में कुंभ के मेले का सीन देखने को मिलता है। जहां एक परिवार बिछड़ जाता है। फिल्म में डायलॉग था- 'ये मेला तो बस नाम है, यहां हर कोई अपनी किस्मत का सौदा करने आया है।'




**इन फिल्मों में भी दिखती है कुंभ की झलक :** कुंभ के मेले की झलक कुछ अन्य फिल्मों में भी दिखती है। इसमें तकदीर (1943), मेला (1971), अंदाज अपना अपना (1994), कुंभ के मेले (1950), अधिकार (1954) जैसी फिल्में शामिल हैं।




## '12वीं फेल' के बाद अब कॉमेडी करती दिखेंगी मेधा

**मुंबई।** सनी कौशल, निम्रत कौर और मेधा शंकर जल्द ही एक साथ एक फिल्म में नजर आने वाले हैं। बताया जा रहा है कि यह जासूसी कॉमेडी फिल्म होगी। यह पहला मौका होगा जब तीनों कलाकार एक साथ स्क्रीन साझा करेंगे। हाल ही में रोमांटिक थ्रिलर 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में अपनी अदाकारी से दर्शकों का ध्यान खींचने वाले सनी कौशल राजस्थान में अपनी इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। साल 2024 में सनी ने 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में एक दिलचस्प भूमिका अदा की थी। फिल्म में उनके किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। नेटफ्लिक्स की इस फिल्म में वह तापसी पन्नू और विक्रांत मैसी के साथ नजर आए थे। फिल्म में तापसी और विक्रम ने रानी कश्यप और ऋषभ के किरदारों को फिर से निभाया था। निम्रत कौर की बात करें तो उन्हें हाल ही में 'सजनी शिंदे का वायरल वीडियो' में देखा गया था। अब वह जल्द ही अपनी आगामी फिल्म 'सेक्शन 84' में नजर आएंगी, जिसमें वह अमिताभ बच्चन और डायना पेंटी के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। इसके अलावा निम्रत कौर जल्द ही 'स्काई फोर्स' में नजर आने वाली हैं। फिल्म में वह अक्षय कुमार के साथ आठ साल के बाद पर्दे पर नजर आने वाली हैं।




## फिल्ममेकर विजय आनंद ने संवारा भाई देव आनंद का कॅरियर

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के सुपरस्टार देव आनंद ने देश-विदेश के फैंस और सिनेप्रेमियों के दिलों पर दशकों तक राज किया। देवानंद ने पर्दे पर अपने किरदारों को ना सिर्फ निभाया बल्कि उन्हें जिया भी। उनका एक जुदा अंदाज था, जिस पर हर कोई फिदा था, लेकिन देव आनंद को सुपरस्टार बनाने के पीछे उनके भाई विजय आनंद का हाथ था। देव आनंद की कल्ट फिल्मों का निर्माण उनके भाई ने ही किया। बुधवार 22 जनवरी को विजय आनंद की बर्थ एनिवर्सरी थी।*

***इन फिल्मों से संवारा देव आनंद का कॅरियर :*** देव आनंद के सुपरहिट कॅरियर में उनके भाई विजय आनंद ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। विजय आनंद ने 'काला बाजार', 'तेरे घर के सामने', 'गाइड', 'ज्वेल थीफ', 'जॉनी मेरा नाम', 'तेरे मेरे सपने' और 'कोरा कागज' जैसी कई सुपरहिट फिल्मों को प्रोड्यूस किया। यह फिल्में देव आनंद के कॅरियर की शानदार फिल्मों में से एक हैं।

***इन फिल्मों में विजय आनंद ने किया अभिनय :*** विजय आनंद ने फिल्म 'आगरा रोड'से अभिनेता के रूप में डेब्यू किया। एक्टर के तौर पर उनकी सबसे यादगार भूमिकाएं 'काला बाजार', 'हकीकत', 'कोरा कागज', और 'मैं तुलसी तेरे आंगन की' जैसी फिल्मों में थी। इसके अलावा वह 'घुंघरू की आवाज', 'डबल क्रॉस', 'छुपा रुस्तम', 'तेरे मेरे सपने' में भी नजर आए।




***भांजी से शादी कर घिरे विवादों में :*** फिल्मों के अलावा विजय आनंद अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहे। उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी कंट्रोवर्सी उनकी शादी थी। विजय ने अपनी सगी बहन की बेटी से शादी करके समाज के सारे नियमों को ताक पर रख दिया था। इस बात पर पूरा परिवार उनसे नाराज हो गया था। यह उनकी दूसरी शादी थी, जिसे लेकर काफी हंगामा मचा था।

### कौन थे विजय आनंद?


विजय आनंद का जन्म 22 जनवरी 1934 को पंजाब के गुरदासपुर में हुआ। उन्हें गोल्डी आनंद के नाम से भी जाना जाता था। विजय आनंद ने हमेशा लीक से हटकर फिल्में बनाई और फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान स्थापित की। वह तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके दो बड़े भाई डायरेक्टर-प्रॉड्यूसर चेतन आनंद और अभिनेता-निर्देशक देव आनंद थे। उन्होने अपने तीनों भाइयों के साथ मिलकर 'नवकेतन फिल्म्स'नाम का प्रोडक्शन हाउस शुरू किया था। विजय आनंद ने 23 साल की उम्र में निर्देशन की दुनिया में कदम रख दिया और 'नौ दो ग्यारह'बनाई। अपने कॅरियर में उन्होंने कई हिट फिल्में दी।

## 'छावा' में औरंगजेब की दहशत दिखाएंगे अक्षय ...


**मुंबई।** फिल्म 'छावा' की रिलीज डेट जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। फिल्म के किरदारों के लुक मेकर्स साझा करते जा रहे हैं। अब औरंगजेब का किरदार निभा रहे अक्षय खन्ना का लुक मेकर्स ने शेयर किया है। विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर 14 फरवरी को रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने मुगल शहंशाह औरंगजेब की भूमिका निभा रहे अक्षय खन्ना का लुक शेयर किया है। फिल्म में अक्षय खन्ना मुगल शहंशाह औरंगजेब की भूमिका निभाने जा रहे हैं। फिल्म में उनका लुक फैंस को बहुत भा रहा है। मेकर्स ने बताया है कि फिल्म 14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस रिलीज किया है। मैडॉक फिल्म्स ने फिल्म छावा से रश्मिका के महारानी यशुबाई के किरदार में दो पोस्टर जारी किए हैं।




## 'इमली' फेम मेघा ने बॉयफ्रेंड साहिल संग रचाई शादी ...



**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के लोकप्रिय शो 'इमली' में इमली की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री मेघा चक्रवर्ती ने मंगलवार 21 जनवरी को अपने मंगेतर साहिल फुल से शादी कर ली। नवविवाहित जोड़े ने इंस्टाग्राम पर शादी की प्यारी तस्वीरें शेयर की। कुछ दिनों पहले ही राहुल फुल ने मेघा को प्रपोज किया था और साथ ही शादी की घोषणा भी की थी। इमली फेम मेघा चक्रवर्ती और साहिल फुल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में शादी की कई तस्वीरें शेयर कीं, साथ ही कैप्शन में लिखा, 'हमारा हमेशा का साथ यहीं से शुरू होता है। प्यार, हंसी और जीवन भर साथ निभाने के वादे से घिरे हुए, हम आप सभी के साथ अपनी खूबसूरत यात्रा का पहला अध्याय साझा करते हुए रोमांचित हैं। यहां प्यार बढ़ता है, सपने सच होते हैं और एक-दूसरे के साथ जीवन भर खुशियां मिलती हैं।



## 24 को फिर रिलीज होगी पद्मावत...

**नई दिल्ली।** साल 2017 में रानी पद्मावती की कहानी पर आधारित फिल्म पद्मावत सात साल बाद फिर से 24 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म को देखने के लिए फैंस ने अपना उत्साह दिखाया है। रानी पद्मावती के जौहर की महान गाथा को फिर से सिल्वर स्क्रीन पर देखने के लिए फैंस बेहद उत्साहित हैं। वॉयकॉम 18 स्टूडियो और भंसाली प्रोडक्शन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा की और महाकाव्य पीरियड ड्रामा का पोस्टर शेयर कर फिल्म की री-रिलीज की बात बताई है। इस फिल्म से रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और शाहिद कपूर की तस्वीरें हैं। इस पोस्ट पर फैंस ने देवदास और बाजीराव मस्तानी देखने की मांग की है। फिल्म को लेकर फैंस ने कहा, पूरी स्टार कास्ट का री-यूनियन करवाइए, फैंस ये तस्वीरें भी देखना चाहेंगे। एक अन्य फैन ने लिखा, मैं इमेजन भी नहीं कर सकता कि मैं फिर से पद्मावत थिएटर में देख पाऊंगा।




## सैफ ने ऑटो ड्राइवर को लगाया गले

**मुंबई।** सैफ अली खान को टाइम से हॉस्पिटल पहुंचाने में ऑटो ड्राइवर भजन सिंह ने अहम रोल निभाया था। अब दोनों की साथ में तस्वीरें दिख रही हैं और बताया जा रहा है कि सैफ ने भजन को गले लगाकर शुक्रिया अदा किया। सैफ अली खान को लीलावती हॉस्पिटल पहुंचाने वाले ऑटो ड्राइवर की उनके साथ फोटो खिंचवाने की विश पूरी हो चुका है। अब बताया जा रहा है कि भजन सिंह राणा नाम के इस ऑटो ड्राइवर से सैफ ने डिस्चार्ज होने से पहले मुलाकात की और गले लगाया था। ड्राइवर का पहले इंटरव्यू आ चुका है जिसमें उसने कहा था कि सैफ उसे किस हालत में मिले थे। उसे पता ही नहीं था कि वह एक्टर सैफ अली खान हैं। सैफ ने उनकी साथ फोटो खिंचाने की विश भी पूरी की। रिपोर्ट्स हैं कि सैफ ने ड्राइवर भजन सिंह राणा को गले लगाकर थैंक यू बोला। इतना ही नहीं, भजन लाल ने मीडिया को बताया कि सैफ ने उनसे कहा कि कभी भी किसी चीज की जरूरत पड़े तो बताना।




## टीवी मसाला



## विवियन की सरप्राइज पार्टी में पहुंचे बिग बॉस 18 के ये सितारे

**नई दिल्ली।** विवियन ने बिग बॉस 18 से बाहर आने के बाद सरप्राइज पार्टी दी है। इस पार्टी में चाहत पांडे, ईडन रोज, अविनाश मिश्रा, ईशा सिंह, सारा अरफीन खान समेत कई सितारे पहुंचे। कई ने विवियन की हार और करणवीर मेहरा की जीत को लेकर बात की है। विवियन डीसेना ने बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद सरप्राइज पार्टी दी है। इस पार्टी में सारा और अरफीन खान भी पहुंचे। विवियन और उनकी पत्नी नूरान ने विवियन के साथ तस्वीर शेयर की है। चाहत पांडे को भी विवियन डीसेना ने अपनी पार्टी में बुलाया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे नूरान की बहुत अच्छी दोस्त हैं और विवियन से ज्यादा वे नूरान के लिए पार्टी में आई हैं। विवियन डीसेना की पार्टी में स्नेहल दीक्षित पहुंची। इस पार्टी में स्नेहल ने विवियन और करणवीर मेहरा दोनों को टॉप 2 में पहुंचने की बधाई दी है। इस पार्टी में विशाल पांडे भी पहुंचे, विशाल को बिग बॉस ओटीटी में देखा गया था। ईडन रोज और हेमा शर्मा ने भी इस पार्टी में चार चांद लगाए। दोनों ने विवियन को उनकी पार्टी और करण को जीत की शुभकामनाएं दी। वहीं, पेड मीडिया जैसी किसी भी बात को लेकर दोनों ने मना किया।







सर्दी के मौसम में तो अधिकतर लोग गर्म पानी से नहाना पसंद करते हैं। इससे ठंड से बचाव के साथ ही कई तरह के फायदे भी होते हैं। लेकिन इससे कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। इस बारे में जानिए।

## क्या आप भी रोजाना गर्म पानी से नहाते हैं!

हेल्थ सजेशन

शिखर चंद जैन

सर्दियों में गर्म पानी से नहाना भला किसे अच्छा नहीं लगता! यह तन के साथ-साथ मन को भी सुहाता है। जोड़ों का दर्द हो या बदन दर्द, गर्म पानी से नहाने पर एक बार राहत मिल जाती है। रात को गर्म पानी से नहाने से दिन भर की थकान उतर जाती है और सोने पर नींद भी अच्छी आती है।

**होते हैं कई फायदे:** गर्म पानी से नहाने से मांसपेशियों में तनाव और दर्द कम होता है, ब्लड फ्लो बेहतर होता है, जिससे शरीर के अंगों को अधिक ऑक्सीजन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। इससे शरीर के टॉक्सिंस को निकालने में भी मदद मिलती है। शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन का स्तर बढ़ता है, मन को शांति मिलती है और तनाव कम होता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। सर्दी-जुकाम और नजला के लक्षण कम होते हैं। इसके अलावा गले में खराश, बहती नाक और खांसी से गर्म पानी में नहाने से आराम मिल सकता है।

**हो सकते हैं कुछ नुकसान:** गर्म पानी से नहाने के कुछ नुकसान भी होते हैं, इन्हें भी आपको जान लेना चाहिए।

**स्किन मॉयश्चर होता है कम:** यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो में डर्मेटोलॉजी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विक्टोरिया बारबोसा कहती हैं कि ज्यादा गर्म पानी से नहाने से स्किन का नेचुरल ऑयल और इसे मॉयश्चराइज रखने वाला तत्व निकल जाता है। अगर आपको ठंडा पानी नहीं सुहाता तो गुनगुने पानी से नहाइए। लेकिन यह भी रोज नहीं कभी-कभी होना चाहिए। मिशिगन मेडिसिन सेंटर में डर्मेटोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर ब्लेयर जेनकिंस कहती हैं कि साबुन या तेज महक वाले लिक्विड सोप या केमिकल वाला कोई भी मीडियम जब आप गर्म पानी के साथ इस्तेमाल करते हैं तो आपकी त्वचा की बाहरी सतह, जो स्किन बैरियर है उसे क्षति पहुंचती है। यह डेड सेल्स से बनती है, जो सिरामिड्स, फैटी एसिड और कोलेस्ट्रॉल के साथ मिलकर रक्षा कवच तैयार करते हैं, जो मॉयश्चर बरकरार रखने में मददगार होते हैं।

**हो सकते हैं रैशेज:** लंबे समय तक गर्म पानी में रहने से त्वचा सूख सकती है और खुजली, जलन या रैशेज हो सकते हैं। गर्म पानी से ब्लड वैसेल्स फैलती हैं, जो त्वचा की संवेदनशीलता को बढ़ा सकती है। यदि आपको पहले से त्वचा की समस्याएं हैं, तो यह उनके लक्षणों को बढ़ा सकता है।

**बालों को नुकसान:** स्किन की तरह ही गर्म पानी सीबम को वाशआउट करके बालों को ड्राई कर सकता है। वैसे तो सीबम रिलीज करने वाली ग्रंथियां पूरे शरीर की स्किन पर होती हैं लेकिन चेहरे और सिर पर ये ज्यादा होती हैं। एरीजोना स्थित मेयो क्लीनिक में डर्मेटोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर एलिका कहती हैं, 'सर्दियों में बालों के ड्राई और ब्रिटल होने का संभावित कारण यही है।'

**ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव:** ज्यादा गर्म पानी ब्लड वेसेल्स फैलने का सबब बन सकता है, जिससे ब्लड प्रेशर में अचानक कमी आने से चक्कर आ सकता है। यह हाई ब्लडप्रेशर के मरीजों के लिए तो सकारात्मक कार्य करता है, पर लो ब्लडप्रेशर वालों के लिए ज्यादा हानिकारक सिद्ध हो सकता है।

**प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए हानिकारक:** गर्भवती महिलाओं के लिए हॉट वॉटर बाथ खतरे का कारण बन सकता है। लंबे समय तक गर्म पानी में रहने से शरीर का तापमान बढ़ सकता है, जो पहले ट्राइमेस्टर में फीटस के लिए हानिकारक हो सकता है। *

### बरतें सावधानियां

- गर्म पानी से नहाने के दौरान तापमान और समय का ध्यान रखना जरूरी है। इसका तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं होना चाहिए।
- नहाने के बाद त्वचा पर मॉयश्चराइजर लगाएं, ज्यादा देर तक गर्म पानी में न रहें।
- यह ध्यान रखें कि गर्म पानी से नहाने के फायदे और नुकसान व्यक्ति की हेल्थ कंडीशन पर निर्भर करते हैं, इस संदर्भ में डॉक्टर से अवश्य परामर्श कर लें।



फिटनेस

डॉ.माजिद अलीम

इन दिनों गली-मुहल्लों में जिम की भरमार और सोशल मीडिया में हेल्थ संबंधित कंटेंट की बाढ़ को देखकर कई लोग बड़ी हताशा में रहते हैं कि वे पर्याप्त कसरत नहीं कर पाते, जैसा बाकी लोग कर रहे हैं। यह हताशा तब और बढ़ जाती है, जब दफ्तर में हमारे बगल में बैठा कोई शख्स हर रोज अपने घंटों पसीना बहाने के किस्से आपको या दूसरे कुलीग्स को सुनाता हो या यू-ट्यूब या फिर एक्स में जब हम सेलिब्रिटीज को जिम से अपनी आकर्षक और टोंड बॉडी के साथ निकलते हुए देखते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की बातें, खबरें और रील्स उन लोगों को मन ही मन कुढ़ने के लिए बाध्य करती हैं, जो दिल में चाह रखने के बावजूद भी हर दिन एक से दो घंटे पसीना नहीं बहाते। लेकिन ऐसे लोगों के लिए एक नहीं कई अच्छी और चिंतामुक्त करने वाली हेल्थ न्यूज आई हैं। इनके बारे में आप भी जानिए।

वैसे तो अपनी हेल्थ-फिटनेस को लेकर कॉन्शस कुछ लोग डेली घंटे-दो घंटे कई तरह के वर्कआउट करते हैं। लेकिन अगर आप बहुत बिजी रहने की वजह से ऐसा नहीं कर पाते तो वीक में केवल 3-4 घंटे की एक्सरसाइज भी आपको हेल्दी और फिट रख सकती है। लेकिन इसके लिए आपको कुछ बेसिक बातें जरूर जान लेनी चाहिए।

## वीकली करें 3-4 घंटे एक्सरसाइज आप रहेंगे हेल्दी-फिट









### क्या कहता है डब्ल्यूएचओ

डब्ल्यूएचओ यानी विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक हम सप्ताह में अगर 150 से 300 मिनट की मध्यम तीव्रता वाली एक्सरसाइज जैसे तेज तेज चलना, साइकिलिंग या फिर 75 से 150 मिनट वाली फास्ट एक्सरसाइज जैसे दौड़ना आदि कर लें तो भी सेहतमंद रह सकते हैं। कई और महत्वपूर्ण शोध अध्ययन भी बताते हैं कि फिट और चुस्त दुरुस्त रहने के लिए हफ्ते में 3 से 4 घंटे की कसरत पर्याप्त होती है, बशर्ते यह सही तरीके से की गई हो।

### कई स्टडीज भी करते हैं प्रूफ

'द जनरल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन' में छपे एक अध्ययन के मुताबिक हफ्ते में 3 से 4 घंटे की गई एरोबिक और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज से दिल की बीमारियों का 20 से 30 फीसदी खतरा कम हो जाता है। इसी क्रम में साल 2020 में प्रकाशित हुई लॉसेंट स्टडी के मुताबिक भी सप्ताह में अगर 3 घंटे की एक्सरसाइज सही तरीके से कर ली जाए तो जिंदगी में दो से तीन साल का इजाफा हो जाता है।

### कैसा हो वर्कआउट प्लान

अब सवाल उठता है कि हफ्ते में जब 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज करनी हो तो इसकी योजना कैसे बनाएं और इसके तहत कौन-कौन सी एक्सरसाइज की जा सकती हैं, जो ज्यादा से ज्यादा फायदेमंद हों? इस बारे में फिटनेस विशेषज्ञों की एक बात याद रखनी चाहिए कि व्यायाम करना अपने आप में एक कला है। यह महज शारीरिक श्रम या एक्टिविटिज तक ही सीमित नहीं होता है, इसमें बेहतर तकनीक, अनुशासन और संतुलन के ज्ञान का भी शामिल होना जरूरी है। क्योंकि जब सही तकनीक के साथ हफ्ते में 3 से 4 घंटे की कसरत की जाती है, तब उसके इस स्तर के फायदे मिलते हैं। गलत तरीके से की गई एक्सरसाइज से चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है और ऐसे लोगों के लिए तो यह खतरा और भी ज्यादा होता है, जो हफ्ते में इतने कम समय के लिए एक्सरसाइज करते हैं। ऐसे लोगों को वजन उठाने की सही पोजीशन का भी ख्याल रखना चाहिए वर्ना पीठ या जोड़ों पर इसका खतरनाक असर हो सकता है। हालांकि हर व्यक्ति की शारीरिक संरचना भिन्न होती है, साथ ही हर किसी के फिटनेस का स्तर और उसके लक्षण भी अलग-अलग होते हैं। इसलिए कई बार जो व्यायाम एक व्यक्ति के लिए सही होता है, वही दूसरे के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### हृदय को बनाता है स्वस्थ

हफ्ते में महज 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज का आपको सबसे ज्यादा फायदा तब दिखता है, जब आप उसके पहले बिल्कुल ही एक्सरसाइज न करते रहे हों। मसलन, अगर आप पूरे समय बैठे रहते हैं, तो थोड़ी सी कसरत भी आपके लिए दिल संबंधी रोगों के जोखिम को काफी कम कर देती है। सप्ताह में दो बार आपने अगर एक-एक घंटे की साइकिलिंग कर ली या 75 से 150 मिनटों तक तेज गति से वॉक कर लिया, तो हृदय संबंधी रोगों से होने वाली मौत का जोखिम 20 फीसदी तक कम हो जाता है। कम कसरत वास्तव में सबसे ज्यादा दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होती है। जो व्यक्ति बिल्कुल ही एक्सरसाइज नहीं करता और ज्यादातर समय बैठा रहता है, उसमें सबसे ज्यादा दिल से संबंधित बीमारी होने का ही खतरा रहता है।

### होते हैं कई अन्य फायदे

3-4 घंटे की साप्ताहिक एक्सरसाइज से भी मस्तिष्क में डोपामाइन और एंडोर्फिन हार्मोन स्त्रावित होते हैं जिससे आपका मूड बेहतर होता है। हर हफ्ते महज 3 घंटे की एक्सरसाइज भी आपके मेटाबॉलिज्म को तीव्र और स्वस्थ रखता है और टाइप-2 डायबिटीज जैसे रोगों से बचाता है। लेकिन हां, जब 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज पूरे हफ्ते में करनी हो तो या तो इसे 45-45 मिनट के हफ्ते में चार सेशन में बांट लें या एक ही दिन लगातार तीन से चार घंटे की साइकिलिंग या तेज-तेज चलना या स्ट्रेंथ ट्रेनिंग कर लें। लेकिन स्ट्रेचिंग कुछ मिनट हर दिन करनी चाहिए। इस व्यवस्थित तरीके से करने पर हफ्ते में 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज भी आपको स्वस्थ, चुस्त-दुरुस्त और टोंड रखेगी।

### बढ़ने लगता है वर्कआउट टाइम

वीकली 3-4 घंटे वर्कआउट प्लान के पीछे एक अप्रत्यक्ष वास्तविकता यह भी जुड़ी है कि अगर आप सप्ताह में नियमित रूप से 3 से 4 घंटे की कसरत के लिए वक्त निकालते हैं तो धीरे-धीरे बिना प्रयास किए खुद ही आपके ये घंटे बढ़ जाएंगे और इसका आप पर कोई अतिरिक्त तनाव भी नहीं पड़ेगा। इसलिए कम समय के मोटिवेशन से एक्सरसाइज की शुरुआत करने वाले कई लोग बाद में हर दिन आराम से दो से ढाई घंटे तक कसरत करने लगते हैं।

### वर्कआउट इंटेसिटी भी है महत्वपूर्ण

बिल्कुल कसरत न करने की तुलना में सप्ताह में 3-4 घंटे की कसरत बहुत उपयोगी है और अगर आप हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (हिट) जैसी कसरत 30 मिनट के लिए भी करते हैं तो इसका उतना ही फायदा होगा, जो हफ्ते में 3 से 4 घंटे की गई सामान्य गति वाली कसरत से मिलता है। दरअसल, छोटी-छोटी कसरतें कई बार ज्यादा प्रभावी और ज्यादा नतीजापरक होती हैं। ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में हर दिन की गई 20 मिनट की हिट एक्सरसाइज हफ्ते भर हर दिन धीरे-धीरे एक घंटे की वॉक करने से बेहतर है। मगर इस बात का ध्यान रखना, हर हाल में बहुत जरूरी है कि कम समय के लिए की गई इस एक्सरसाइज का प्लान बेहद सटीक और वैज्ञानिक हो। मसलन, अगर आपको मांसपेशियां और हड्डियों को मजबूत करना है तो आपको वेट लिफ्टिंग और पुशअप्स करने ही होंगे, सप्ताह में कम से कम दो तीन बार। औसतन एक से सवा घंटे हर दिन। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग यानी वेट लिफ्टिंग और पुशअप्स वास्तव में बुढ़ापे में आपको चुस्त-दुरुस्त रखते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह बहुत कम समय की एक्सरसारइज भी आपको तनाव, चिंता और डिप्रेशन से दूर रखती है। *



### इन बातों का रखें ध्यान

**जब हमें** कम समय की एक्सरसाइज से ज्यादा फायदा लेना हो तो किसी एक्सपर्ट से मिलकर अपने लिए सबसे उपयुक्त कसरतों का पता लगाना चाहिए। साथ ही शुरुआती ट्रेनिंग तो एक्सपर्ट की देखरेख में ही करना चाहिए। जब कम समय में एक्सरसाइज से ज्यादा फायदे लेने हों तो अनुशासन और धैर्य को बनाए रखना बहुत जरूरी है। वास्तव में व्यायाम का असर पलभर में नहीं दिखता, इसके लिए कुछ वक्त लगता है। इसलिए जब एक्सरसाइज करना शुरू करें तो उसे एक अनुशासन के रूप में अपनाएं और लंबे समय तक इस पर टिके रहें। यही नहीं जब कम समय की एक्सरसाइज करना हो तो शारीरिक और मानसिक तालमेल का होना बहुत जरूरी है। इसलिए सिर्फ शारीरिक व्यायाम ही न करें बल्कि कुछ मिनट का समय मानसिक व्यायाम यानी योग जैसी गतिविधियों के लिए भी निकालें।

हेल्थ टिप्स

## लहसुन की चाय का सेवन है फायदेमंद

आमतौर पर स्वास्थ्यवर्धक चाय की बात आती है तो अदरक या लौंग, काली मिर्च वाली चाय का सेवन किया जाता है। इसके फायदे के बारे में लोग जानते भी हैं। लेकिन लहसुन की चाय के बारे में कम ही लोगों को पता है। लहसुन की चाय भी कई तरह की बीमारियों को दूर करने में काफी प्रभावी साबित होती है। लहसुन की चाय पीने के कई फायदे हैं। लहसुन की चाय ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करती है।

राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल, नई दिल्ली की डायटीशियन अंजलि बताती हैं कि लहसुन में एंटीबैक्टीरियल और एंटी वायरल गुण होते हैं। लहसुन की चाय डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इसके सेवन से शरीर में ब्लड शुगर कम होता है और यह मेटाबॉलिज्म को सुधारने में मदद करता है। लहसुन की चाय एक शक्तिशाली एंटीबायोटिक ड्रिंक है, जो शरीर के इम्यून सिस्टम में सुधार करता है।



लहसुन की चाय शरीर के ज्यादातर हिस्सों में वसा को घोलने का काम करती है। इसके सेवन से आप अपने वजन को भी कम कर सकते हैं। लहसुन की चाय में चयापचय बढ़ाने वाले गुण पाए जाते हैं, जो वजन घटाने का काम करते हैं। इस गुण के कारण लहसुन की चाय मोटे लोगों के लिए बहुत ही फायदेमंद है। लहसुन की चाय का सेवन करने से शरीर की गंदगी को भी दूर किया जा सकता है। इसके सेवन से रक्त परिसंचरण में सुधार होता है। यह खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी कम करता है। लहसुन की चाय के सेवन से दिल की सेहत को सुधारा जा सकता है। कोलेस्ट्रॉल के स्तर को सही रखने में मददगार होने के कारण इसके सेवन से दिल को रोगों से बचाव किया जा सकता है। लहसुन की चाय सांसों से जुड़ी बीमारियों से बचा सकती है। इसका सेवन सर्दियों में बुखार-खांसी को ठीक करने के लिए भी कर सकते हैं। इससे शरीर में होने वाली सूजन को भी रोका जा सकता है।

डायटीशियन अंजलि कहती हैं कि लहसुन की चाय बनाने का तरीका बेहद आसान है। इसे तैयार करने के लिए बर्तन में सवा कप पानी लें। उसमें कुछ छिले लहसुन और काली मिर्च को कूटकर डाल दें। इसे पांच मिनट उबालने के बाद छानकर पिएं। आप चाहें तो इसमें अदरक और दालचीनी भी डालकर पी सकते हैं। *

प्रस्तुतिः अजेश कुमार

विभिन्न तरह के रोगों के ट्रीटमेंट का जापानी तरीका है रेकी। यह यूनिवर्स की पॉजिटिव लाइफ फोर्स एनर्जी के द्वारा रोगों को ठीक करती है। कैसे करती है यह ट्रीटमेंट और कितनी होती है इफेक्टिव, जानिए एक्सपर्ट से।

## रेकी हीलिंग में यूज होती है यूनिवर्सल लाइफ फोर्स एनर्जी

नेचुरोथेरेपी

निशा सिंगला

रेकी मास्टर-थीटा हीलिंग इंस्ट्रक्टर

रेकी एक एनर्जी हीलिंग मैथड है। यह एक जापानी नेचुरोथेरेपी मैथड है। डॉक्टर मिकाओ ऊसुई ने इस ट्रीटमेंट मैथड को खोजा और विकसित किया था। उनके बताए तरीके के अनुसार ही इसमें यूनिवर्सल लाइफ एनर्जी को चैनल किया जाता है। उसके द्वारा ही हम अपने रोगों को और दूसरे के रोगों को ठीक करने में सहायक हो सकते हैं।

**हीलिंग मैथडः** रेकी हीलिंग में पर्टिकुलर बॉडी पार्ट को टच करके, शरीर के विभिन्न चक्रों के द्वारा या फिर डिस्टेंस पर मौजूद व्यक्ति को भी हील किया जा सकता है क्योंकि एनर्जी डिस्टेंस को ट्रैवल कर सकती है। अन्य हीलिंग मैथड्स से रेकी कई मायने में अलग है क्योंकि इसमें किसी भी प्रकार की मेडिसिन नहीं दी जाती है। इस हीलिंग में केवल यूनिवर्स में मौजूद प्योर और पॉजिटिव लाइफ फोर्स एनर्जी के द्वारा व्यक्ति के फिजिकल, मेंटल, इमोशनल और स्प्रिचुअल लेवल पर जो प्रॉब्लम्स होती हैं, उसे ट्रीट कर सकते हैं।

**हर रोग में कारगरः** फिजिकल हेल्थ से जुड़े इश्यूज में भी यह हीलिंग इफेक्टिव होती है। लेकिन अगर रोग के शुरुआती स्तर पर यह हीलिंग ली जाए तो वो जल्दी ठीक हो जाता





लेकिन थर्ड या फोर्थ स्टेज के रोग, क्रॉनिक डिजीज या जन्मजात रोगों को हील करने में थोड़ा अधिक समय यानी अधिक थेरेपी सेशंस लग सकते हैं। इस हीलिंग मैथड से किसी रोग को ठीक होने में कितना समय लगता है, यह हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकता है और रोग की कंडीशन पर निर्भर करता है। कुछ रोग चार-पांच सेशंस में ही ठीक हो जाते हैं तो कुछ को हील होने में दो-तीन महीने या उससे अधिक समय तक ट्रीटमेंट लेना पड़ सकता है।

**नहीं होता साइड इफेक्टः** इस ट्रीटमेंट मैथड की यह भी खासियत है कि अगर किसी रोग के लिए आप कोई मेडिसिन ले रहे हैं, रोग की डायग्नोसिस के अनुसार कोई और ट्रीटमेंट ले रहे हैं तो उसके साथ भी इसे ले सकते हैं। रेकी हीलिंग किसी अन्य ट्रीटमेंट मैथड में इंटरफेयर नहीं करती है और न इसका कोई साइड इफेक्ट होता है। एक्चुअली यह पेशेंट के एनर्जी लेवल को उसके ऑरा को बैलेंस करते हुए रोग का उपचार करती है। यह बात भी ध्यान रखने की है कि रेकी हीलिंग के कोई साइड इफेक्ट्स तो नहीं होते हैं, लेकिन कई बार किसी रोग के ट्रीटमेंट में जब टॉक्सिसिटी रिलीज होती है, एनर्जी चक्र क्लीन होते हैं तो व्यक्ति को कुछ असहज महसूस हो सकता है। लेकिन ऐसा साइड इफेक्ट के कारण नहीं होता है। इसलिए ऐसा महसूस होने पर भी हीलिंग लेते रहना चाहिए। कुछ समय बाद वो असहजता दूर हो जाएगी। इसके ट्रीटमेंट के दौरान किसी विशेष प्रिकॉशन की जरूरत नहीं होती है लेकिन हीलिंग के दौरान पानी अधिक मात्रा में पीना फायदेमंद होता है।

**डेली रूटीन में करें शामिलः** रेकी एक बहुत पॉजिटिव एनर्जी टूल है। इसे कोई भी सीखकर अपनी डेली रूटीन में शामिल कर सकता है। यह सेल्फ ग्रोथ के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे आपका स्ट्रेस लेवल कंट्रोल रहता है। आप फिजिकली, मेंटली और इमोशनली बैलेंस्ड, हेल्दी और एनर्जेटिक रह सकते हैं। *

प्रस्तुतिः विज्ञान भूषण

शवासन, सबसे सरल और बहुत फायदेमंद आसन है। इसे करने में ज्यादा शारीरिक मेहनत नहीं लगती। यह मन और तन दोनो की थकान को दूर करता है। लेकिन इसे करते समय सजग रहना चाहिए। इस बारे में विस्तार से जानिए।

## सबसे सरल लेकिन बहुत फायदेमंद है शवासन

योगोपचार / दिव्यज्योति 'नंदन'



शवासन को योगासनों में सबसे सरल आसन माना जाता है। हालांकि यह इतना सरल आसन है नहीं, बस देखने में लगता है। हां, यह सरल उन्हीं लोगों के लिए है, जिन्हें अच्छी तरीके से इसे करने का अभ्यास है। बहरहाल, यह सरल माना जाने वाला आसन शरीर और मन के लिए बहुत फायदेमंद है।

**सुधरे मेंटल हेल्थः** शवासन करने से डीप मेंटल हीलिंग होती है। शरीर में अच्छे न्यूरोकेमिकल्स बनते हैं, जिससे मूड अच्छा रहता है। यह आसन करने से शरीर को गहराई से आराम मिलता है। नियमित शवासन करने से शरीर को न सिर्फ ऊर्जा और ताजगी मिलती है बल्कि यह मन और शरीर को एकाग्र कर देता है। वास्तव में यह शरीर को आराम देने वाला आसन है। क्योंकि यह बहुत तेजी और पूर्णता से तनाव दूर करता है।

**शारीरिक लाभः** शवासन करने से शरीर का उच्च रक्तचाप सामान्य होता है। अनिद्रा की समस्या दूर होती है। सिरदर्द, थकान और हल्के अवसाद से राहत मिलती है। सर्दियों में जब मन बुझा सा और शरीर थका सा रहता है, संक्रमण के बहुत ज्यादा चांस होते हैं, उस समय नियमित रूप से शवासन करने पर न केवल संक्रमण जैसी स्थितियों से बचाव होता है बल्कि शरीर की बहुत सारी परेशानियों और चिंताओं से राहत मिलती है।

**करने का सही तरीकाः** शवासन करने के लिए पहले अपने योगा मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। लेकिन लेटते समय किसी कुशन या तकिया का इस्तेमाल न करें। अगर आपका योगा मैट सख्त सतह पर हो तो और अच्छी बात है। बिल्कुल आराम की मुद्रा में लेटे हुए अपनी आंख बंद कर लें, फिर दोनों पैरों को एक दूसरे से अलग कर लें और इस दौरान आपके पैरों के दोनों अंगूठे अपनी-अपनी साइड की तरफ झुके हुए हों। आपके हाथ भी इस दौरान शरीर के साथ ही तनावरहित मुद्रा में होने चाहिए। हथेलियों को खुला रखें। कुछ मिनटों तक तनावरहित मुद्रा में लेटे रहने के बाद अब धीरे-धीरे शरीर के विभिन्न हिस्सों पर ध्यान दें और ऐसा करते समय अपनी सांस लेने की गति को बिल्कुल धीमा कर दें। इससे आप धीरे-धीरे मेडिटेशन में उतरने लगेंगे। लेकिन अगर ऐसा करते हुए आलस या उबासी आए तो सांस लेने की रफ्तार को तेज कर दें। शवासन करते समय सोना नहीं चाहिए।

**रिलैक्स को एंज्वाय करेंः** शवासन दरअसल एहसास का आसन है, इसलिए जब रिलैक्स की मुद्रा में अपने योगा मैट में लेटे हों और बहुत धीमी गति से सांस ले रहे हों, उस स्थिति को एंज्वाय करते हुए सोचें कि जब आप सांस ले रहे हैं तो वह सांस पूरे शरीर में धीरे-धीरे फैल रही है और आप इसके जरिए कहीं ज्यादा ऊर्जावान होते जा रहे हैं। जब आप सांस छोड़ रहे हैं, उस समय शरीर शांत होता जा रहा है। इस समय मन में कुछ और न लाएं, सिर्फ अपने शरीर पर ही ध्यान रखें। मन की गहराइयों तक शांति का आनंद लें। 10 से 12 मिनट तक इसी रिलैक्स मुद्रा में रहें। अब जब शरीर में ऊर्जा महसूस होने लगे तो एक तरफ को करवट ले लें। इस दौरान भी आंखें बंद रखें और एक मिनट तक इसी स्थिति में रहें, फिर धीरे धीरे उठें और पालथी मारकर सुखासन करें। कुछ गहरी सांसें लें और झटके से उठने की बजाय अपने आस-पास में चल रहे माहौल के साथ आत्मसात हों और इसी क्रम में आंखें खोल दें। कम से कम दो बार इस प्रक्रिया को दोहराएं। *





फिजी में राज्यसभा सांसद और इंडियन माइनॉरिटी फेडरेशन (आईएमएफ) के कन्वीनर सतनाम सिंह संधू और आईएमएफ के संस्थापक प्रोफेसर हिमानी सूद के साथ बैठक में पीएम राबुका ने की सराहना

बॉस का सबका साथ सबका विकास वाला मंत्र पूरी दुनिया को अपनाना चाहिए

# फिजी के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को बताया दुनिया का 'बॉस' कहा- वे दुनिया में शांति और हिंदुओं के 'प्रतीक'

1. प्रगति और विकास में एकता के विचार विश्व के आदर्श हैं
2. सबका साथ सबका विकास एक बेहतरीन शासन मॉडल है
3. भारत के लोग उन पर विश्वास करते हैं और उन्हे मानते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिजी गणराज्य के प्रधानमंत्री सितिवेनी लिगामामाडा राबुका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का 'बॉस' करार दिया। फिजी में राज्यसभा सांसद और इंडियन माइनॉरिटी फेडरेशन (आईएमएफ) के कन्वीनर सतनाम सिंह संधू और आईएमएफ के संस्थापक प्रोफेसर हिमानी सूद के साथ बैठक में राबुका ने कहा कि पीएम मोदी दुनिया के 'बॉस' हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी पूरी दुनिया में शांति और हिंदुओं के प्रतीक बन गए हैं।

## दुनिया के नेताओं ने मोदी के नेतृत्व की प्रंशसा की

यह पहली बार नहीं है कि किसी विश्व नेता ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने उन्हें (मोदी) बॉस कहकर संबोधित किया था। अमेरिका के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को शानदार और विश्व स्तर पर शक्तिशाली नेता बताया था और उनका ऑटोग्राफ लेने की इच्छा जताई थी। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी को दुनियाभर में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला व्यक्ति बताया था। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा था कि पीएम मोदी दुनिया के लिए प्रेरणा हैं और गुयाना के राष्ट्रपति ने कहा था कि वे उनके आभारी हैं।

## हम अभी भी शांति की अपनी यात्रा के लिए प्रतिबद्ध हैं: फिजी

फिजी के प्रधानमंत्री ने सभी का विकास और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेरा मानना है कि सबका साथ सबका विकास एक बेहतरीन शासन मॉडल है जिसका प्रधानमंत्री मोदी पालन कर रहे हैं, जो यह सुनिश्चित करता है कि सभी एक साथ आगे बढ़ें और समृद्ध हों। मेरी राय में, दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए इसे वैश्विक स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। फिजी के प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि, मेरे मित्र (पीएम मोदी) 2023 में हमारी मुलाकात के बाद फिर से (पीएम के रूप में) चुने गए हैं, इसलिए मैं यह सुनिश्चित करना चाहूंगा कि उन्हें यह संदेश मिले कि फिजी उनके साथ है। हम अभी भी शांति की अपनी यात्रा के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिस पर वे लंबे समय से चल रहे हैं। हमारी प्रगति और विकास में एकता के विचार सभी विश्व नेताओं के लिए महान आदर्श हैं।

### ग्लोबल नेता हैं पीएम मोदी

फिजी के प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी पूरी दुनिया में शांति और हिंदुओं के प्रतीक बन गए हैं। भारत के लोग उन पर विश्वास करते हैं। भारत में लोगों का विश्वास साथ होना एक बड़ी बात है। मैं इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं। समय के साथ, दुनिया भर में हिंदुओं की एकता आखिरकार सभी लोगों की एकता में तब्दील होगी।

### मोदी को मिल चुका है सर्वोच्च सम्मान

पीएम मोदी को वैश्विक नेतृत्व के लिए फिजी के सर्वोच्च सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। यह सम्मान वैसे तो फिजी के लोगों को ही दिया जाता है, लेकिन मई, 2023 में पीएम मोदी को भी ये सम्मान दिया गया था।

## खबर संक्षेप

### हिजबुल्लाह के टॉप कंमाडर हमादी की हत्या



**बेरूत।** हिजबुल्लाह के टॉप लीडर शेख मुहम्मद अली हमादी की उसके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार को पूर्वी लेबनान के बेका घाटी इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने हमादी पर हमला किया। हिजबुल्लाह के स्थानीय कमांडर को पश्चिमी बेका जिले के मचघरा में 6 बार गोली मारी गई। हमादी को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ देर पर उनकी मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, लेबनानी अधिकारियों को संदेह है कि हमादी का सालों पुराना पारिवारिक झगड़ा था जिसकी वजह से इस घटना को अंजाम दिया गया। हमादी पर हमले के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

### बकरा गैंग के मुखिया की दिनदहाड़े हत्या



**जम्मू।** कड़ी सुरक्षा के बीच दिनदहाड़े अति व्यस्त चौक और नबाबाद थाने के ठीक सामने ऐसी वारदात पुलिस तंत्र पर सवालिया निशान खड़ा करती है। ठीक ऐसी ही वारदात वर्ष 2006 में हुई थी। तब संजय गुप्ता उर्फ बकरा की दिनदहाड़े त्रिकुटा नगर में एक क्लीनिक में गोली मारकर हत्या कर दी गई। संजय बकरा गैंग का मुखिया था। इस हत्या को बिल्लू गैंग के राजेश डोगरा उर्फ मोहन चीर अंजाम दिया था।18 वर्ष बाद फिर ऐसी ही वारदात जम्मू में होने से गैंगवार सक्रिय होने लगा है।

### माइकल मार्टिन दूसरी बार बनेंगे आयरलैंड के पीएम

**डबलिन।** सांसदों द्वारा गठबंधन सरकार के प्रमुख के रूप में औपचारिक रूप से मंजूरी प्रदान किये जाने के बाद बुधवार को माइकल मार्टिन दूसरी बार आयरलैंड के प्रधानमंत्री बनेंगे। चुनाव में मार्टिन की 'फियाना फेल' पार्टी ने सबसे अधिक सीट जीती थीं, लेकिन उसे इतनी सीट नहीं मिली थी कि वह अपने बलबूते सरकार बना सके। कई सप्ताह की बातचीत के बाद, लंबे समय से प्रभावी दक्षिणपंथी पार्टियां 'फियाना फेल' और 'फाइन गाएल' कई निर्दलीय सांसदों के समर्थन से गठबंधन बनाने पर सहमत हो गईं।

## क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में चीन को दो टूक संदेश...

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बलपूर्वक यथास्थिति बदलने का एकतरफा प्रयास बर्दाश्त नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में हुई क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी किए गए संयुक्त बयान से मिली यह जानकारी

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण के तुरंत बाद वाशिंगटन डीसी में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया को लेकर बनाए गए चतुष्कोणीय क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की पहली महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें समूह ने एकजुटता के साथ चीन को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) में बलपूर्वक या जबरदस्ती यथास्थिति को बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का सख्त लहजे में विरोध करेंगे। यह जानकारी बुधवार को विदेश मंत्रालय द्वारा इस बैठक के बाद जारी किए गए संयुक्त बयान से मिली है। बैठक में क्वाड विदेश मंत्रियों ने एक खुले हुए, स्वतंत्र आईपीआर को मजबूती प्रदान की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, ये एक ऐसा क्षेत्र है जहां कानून का शासन, लोकतांत्रिक मूल्य, संप्रभुता और क्षेत्रीय



अखंडता को समर्थन के साथ उसकी रक्षा की जाती है। साथ ही इस साल के अंत तक भारत में क्वाड शिखर सम्मेलन के आयोजन की सभी ने पुष्टि की और कहा कि इसकी तैयारियों को लेकर हम सभी नियमित आधार पर एक साथ मुलाकात करेंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत का दौरा कर सकते हैं। मालूम हो कि विदेश मंत्री एस.जयशंकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष दूत के रूप में बीते सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप को पीएम मोदी का लिखा हुआ एक विशेष पत्र भी सौंपा था। क्वाड के विदेश मंत्रियों ने बैठक में बढ़ते हुए खतरों के मद्देनजर कहा कि हम सब क्षेत्रीय समुद्री, आर्थिक, तकनीकी सुरक्षा को मजबूत करने के साथ ही लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

### एक घंटे तक चली बैठक

बयान के मुताबिक, बीते मंगलवार मध्यरात्रि के बाद हुई क्वाड विदेश मंत्रियों की यह बैठक कुल करीब एक घंटे तक चली। जिसमें अमेरिका के नवनिर्वाचित विदेश मंत्री मार्को रुबियो, भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर, जापान के विदेश मंत्री इवाया ताकेशी और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग शामिल हुई। चारों ने बैठक के बाद दृढ़ विश्वास के साथ कहा कि समुद्री क्षेत्र के अलावा अन्य सभी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय कानून, आर्थिक अवसर, शांति, स्थिरता और सुरक्षा आईपीआर के लोगों के विकास और समृद्धि को दर्शाते हैं। इसे देखते हुए ताकत के बल पर यथास्थिति को बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का विरोध किया जाएगा।

### चारों की विदेश नीति में क्वाड अहम

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में क्वाड की बैठक को सार्थक बताते हुए कहा कि ट्रंप प्रशासन के उद्घाटन के कुछ घंटों के भीतर हुई विदेश मंत्रियों की यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। जो इस बात को रेखांकित करती है कि सदस्य देशों की विदेश नीति में क्वाड की प्राथमिकता क्या है? बैठक में हमारी व्यापक चर्चाओं में स्वतंत्र, खुले, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई। साथ ही बड़े स्तर पर सोचने, एजेंडे को गहन बनाने तथा हमारे सहयोग को तीव्र करने के महत्व पर चर्चा की गई। जयशंकर ने पोस्ट में चीन का नाम लिए बगैर कहा कि क्वाड की बैठक से यह स्पष्ट संदेश गया है कि अनिश्चित और अस्थिर विश्व में क्वाड वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत बना रहेगा।

# रहस्यमयी बीमारी से 17 मौतें, 'जम्मू का गांव कंटेनमेंट जोन' घोषित

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर



जम्मू-कश्मीर के राजौरी में रहस्यमयी बीमारी फैलने से हड़कंप मच गया है। इस गंभीर बीमारी के कारण अब तक राजौरी संभाग के सुदूर बधाल गांव में 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वाले सभी 17 लोग तीन अलग-अलग परिवारों के हैं। एहतियात बरतते हुए सरकार ने पूरे गांव को ही कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है। कंटेनमेंट जोन घोषित करने के बाद इस गांव के लोग कोई भी सार्वजनिक या निजी समारोह आयोजित नहीं कर सकेंगे और न ही किसी कार्यक्रम में भाग ले सकेंगे। इतनी बड़ी संख्या में लोगों की जान जाने के बाद भी एक शख्स इस बीमारी से पीड़ित है और उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजौरी के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट राजीव कुमार खजूरिया ने आदेश जारी करते हुए गांव को तीन नियंत्रण क्षेत्रों में बांट दिया है। पहले क्षेत्र में वे सभी परिवार शामिल हैं, जिनके घर में मौतें हुई हैं।

दूसरे नंबर के कंटेनमेंट जोन में उन्हें रखा जाएगा, जो रहस्यमयी बीमारी से प्रभावित लोगों के संपर्क में आए हैं। इन लोगों की लगातार निगरानी की जाएगी। इन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज राजौरी में ट्रांसफर किया जाएगा और वहां जाना अनिवार्य होगा।

### कंटेनमेंट जोन-3 में कवर किए जाएंगे ये घर

इसके अलावा कंटेनमेंट जोन-3 भी बनाया गया है, जिसमें बाकी के बचे हुए घरों को कवर किया जाएगा। इन सभी जोन में रहने वाले लोगों के लिए भोजन-पानी की निगरानी के लिए भी कर्मयारियों की तैनाती की जाएगी। आदेश का पूरी तरह से पालन कराने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाएगी। इसके अलावा लॉग बुक का रखरखाव करने के लिए भी अधिकारी तैनात होंगे।


## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पुतिन को किया आगाह

# यूक्रेन जंग पर बात नहीं सुनी तो लगाएंगे रूस पर बैन

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कभी भी मिलने को तैयार हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने आगाह किया कि अगर रूस, यूक्रेन के मुद्दे पर बातचीत के लिए आगे नहीं आता है तो रूस पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। यह पूछे जाने पर कि अगर पुतिन बातचीत के लिए आगे नहीं आते हैं तो क्या अमेरिका रूस पर और भी प्रतिबंध लगाएगा तो डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'ऐसा ही लगता है।' डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'संघर्ष कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था। मुझे लगता है आपके पास एक समक्ष राष्ट्रपति नहीं था।.. अगर होता तो युद्ध नहीं होता। अगर मैं राष्ट्रपति होता तो यूक्रेन में युद्ध कभी नहीं होता।'

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'रूस कभी यूक्रेन में नहीं जाता। पुतिन



और मेरे बीच बहुत अच्छी और मजबूत समझ थी। ऐसा कभी नहीं होता। उन्होंने जो बाइडेन का अनादर किया। उन्होंने लोगों का भी अनादर किया। वह स्मार्ट हैं। वह समझते हैं।' उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, पश्चिम एथिया में भी यह सब कभी नहीं होता क्योंकि ईरान काफी कमजोर था।' एक सवाल के जवाब में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह पुतिन से कभी भी मिलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'जब भी वह चाहेंगे, मैं उनसे मिलूंगा।

### इधर, ट्रंप की दादागीरी के खिलाफ पनामा ने की यूएन में शिकायत

पनामा सिटी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ लेते ही पनामा नहर को कब्जाने की धमकी दोहराई थी। ट्रंप के पास इस समय दुनिया की सबसे ताकतवर फौज है। अगर वह धमकी दे रहे हैं तो संभव है कि अमेरिका सेना भेजकर इस रणनीतिक नहर को कब्जाने की कोशिश करें. ट्रंप की धमकियों से डरे पनामा ने अब संयुक्त राष्ट्र का रुख किया है। पनामा की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस को एक चिट्ठी लिखी गई है। इस चिट्ठी में पनामा ने यूएन चार्टर के उस अनुच्छेद का हवाला दिया है, जो किसी देश की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग या धमकी को रोकता है। ट्रंप की धमकियों को पनामा ने 'चिंताजनक' बताते हुए कहा कि इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में चर्चा होनी चाहिए। हालांकि, पत्र में यूएनएससी की बैठक बुलाने की मांग नहीं की गई है।

## एनआईए का बड़ा एक्शन

# तीन राज्यों में 16 जगहों पर छापे, पाक से मिला लिंक

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

साल 2024 में 11 सितंबर को चंडीगढ़ में हुए बम ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित 16 स्थानों पर छापेमारी की। इस मामले में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस समर्थित पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी बब्बर खालसा इंटरनेशनल के हरविंदर सिंह और अमेरिका में मौजूद हरप्रीत सिंह शामिल हैं। छापेमारी में पंजाब में 14 स्थानों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में एक-एक स्थान शामिल हैं। इस अभियान का उद्देश्य महत्वपूर्ण सबूतों को उजागर करना और घटना से जुड़े व्यक्तियों का पता लगाना है। पिछले साल सितंबर में चंडीगढ़ में




हुए ग्रेनेड विस्फोट ने सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ा दी थीं जिसके बाद एनआईए ने गहन जांच शुरू कर दी थी। पिछले साल इस मामले में पंजाब पुलिस ने कहा था कि उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियान में एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके चंडीगढ़ ग्रेनेड विस्फोट मामले का खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस समर्थित पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और अमेरिका स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया ने इस ऑपरेशन की साजिश रची।

**Badki Saraiya Nagar Panchayat**
Add: **Dak Bungalow, Chandramarni, Near- Hazribagh Road Railway station, Badki Saraiya, Giridih, Pin 825320**
Email.Id eo.badakasarai@gmail.com

Reference No.- BSNP/NIT/FSTP/13/2024-25..................Date: .......................

Tender Notice
IMPORTANT INFORMATION

| Sr.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of F aecal Sludge Treatment Plant of Capacity 7 KLD at Badki Saraiya Nagar Panchayat (Jharkhand) followed by Operati on and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,10,50,093.00 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,28,01,088.00 Total: ₹ 3,38,51,181.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | ₹3,40,000/- (Rupees Three Lacs Forty Thousand Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 22.01.2025 at 10:00 am |
| 7 | Document downloading start Date | 24.01.2025 at 10:00 am |
| 8 | Start date for seeking clarification | 24.01.2025 at 04:30 pm |
| 9 | End date for seeking clarification | 27.01.2025 at 05:00 pm |
| 10 | Pre bid meeting date, Time & Venue | 29.01.2025 at 02:30 pm at office of Badki Saraiya Nagar Panchayat |
| 11 | Bid submission end date | 08.02.2025 upto 05:00 pm |
| 12 | Bid opening date (online) | 10.02.2025 at 04:30 pm |

i.Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in
ii.Other details can be seen in the bidding documents
*iii.*Bid security 1 % of Bid amount**
कार्यपालक पदाधिकारी
बड़की सरैया नगर पंचायत।
PR 344880 Urban Development and Housing(24-25)D

## मणिपुर पार्टी चीफ वीरेंद्र सिंह ने एनडीए से अलग होने का जारी किया था लेटर

# बवाल के बाद 'बागी' प्रदेश अध्यक्ष को जदयू ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने मणिपुर के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह को अध्यक्ष पद से हटा दिया है। पार्टी ने ये फैसला उनके द्वारा मणिपुर के राज्यपाल को लिखे पत्र के बाद लिया है। इस पत्र में उन्होंने बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार से समर्थन वापस लेने का ऐलान किया था। वीरेंद्र सिंह को अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बारे में जानकारी देते हुए जेडीयू ने कहा, जनता दल यूनाइटेड ने मणिपुर प्रदेश के अपने पार्टी अध्यक्ष, जिसने यह पत्र लिखा था वीरेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाया दिया है। अनुशासनहीनता के आरोप में वीरेंद्र सिंह को पदमुक्त कर दिया गया है। जेडीयू ने अपना स्टैंड स्पष्ट करते हुए कहा कि वह मणिपुर में बीजेपी सरकार को समर्थन जारी है। मणिपुर के साथ-साथ बिहार में भी और केंद्र में भी पूरी मजबूती के साथ जनता दल यूनाइटेड बीजेपी के साथ समर्थन में खड़ी है।

### ये है मामला

पार्टी की कार्रवाई से पहले वीरेंद्र सिंह ने राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को पत्र लिखकर बीजेपी से समर्थन वापस लेने का ऐलान किया था। इस पत्र में उन्होंने कहा कि पार्टी ने शुरुआत में 2022 के मणिपुर विधानसभा चुनावों में छह सीटें जीती थीं. हालांकि, बाद में पांच विधायक भाजपा में शामिल हो गए। जिससे सत्तारूढ़ दल की संख्या मजबूत हो गई। इन पांचों विधायकों का भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत मुकदमा स्पीकर ट्रिब्यूनल के समक्ष लंबित है। पत्र में इंडिया ब्लॉक के साथ जेडीयू के पहले के गठबंधन का हवाला देते हुए समर्थन वापसी की पुष्टि की गई है।

# 4 साल से मीटिंग में नहीं पहुंचे अफसर, 5 रुपए का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ हमीरपुर

- हिमाचल प्रदेश से सामने आया अनोखा मामला

हिमाचल प्रदेश से एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां चार साल से मीटिंग में शामिल नहीं हो रहे एक पीडब्ल्यूडी अधिकारी पर पांच रुपये का जुर्माना लगाया गया। हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर जिले के टौणीदेवी में लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के एक अधिकारी पर लगातार चार साल तक पंचायत समिति की बैठक में शामिल नहीं होने की वजह से पांच रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

समिति के अध्यक्ष हरीश शर्मा ने बताया कि पंचायत समिति हमीरपुर की त्रैमासिक बैठक में लोक निर्माण विभाग मंडल टौणीदेवी के अधिकारी पर जुर्माना लगाया गया है। हमीरपुर पंचायत समिति की त्रैमासिक बैठक सोमवार को शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विकास कार्यों की नई रूपरेखा तैयार करने के साथ 15वें वित्त आयोग के बजट पर भी चर्चा की गई। इसमें ब्लॉक समिति सदस्यों के अलावा बीडीसी उपाध्यक्ष संजीव शर्मा और बीडीओ हमीरपुर हिमांशी शर्मा भी मौजूद रहे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज।**
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– पुनर्निविदा सूचना संख्या – **RDD/SD/SAHIBGANJ /08/4th call/2024-25 Gr1**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं०/ ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साहेबगंज जिला के बरहरवा प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत हस्तीपाड़ा ग्राम छोटा चांदपुर मोतीउर रहमान के घर के पास के उच्च विद्यालय हस्तीपाड़ा मंजारूल के घर के पास गुमानी नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | **547.83800** लाख रूपये | 10,96,000/- रूपये | 10,000.00 रूपये | 24 माह |


2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– दिनांक 24.01.2025 से दिनांक 03.02.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, साहेबगंज।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 05.02.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431347401 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज।
PR 344924 Rural Development(24-25)D

**खबर संक्षेप**

## एचसीएलटेक में 5,000 नौकरियों का सृजन




**हैदराबाद।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एचसीएलटेक यहां एक नए प्रौद्योगिकी केंद्र की शुरुआत के साथ अपने वैश्विक वितरण क्षेत्र का विस्तार कर रही है। इससे 5,000 अतिरिक्त नौकरियों का सृजन होगा। प्रबंध निदेशक सी. विजयकुमार के साथ मंगलवार को हुई बैठक के बाद यह घोषणा की गई।

## एचयूएल का शुद्ध लाभ 19 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के सामान बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 19.18 प्रतिशत बढ़कर 2,989 करोड़ रुपए हो गया। एचयूएल ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,508 करोड़ रुपए था।

## सहयोग के लिए फियो क्रेडलिक्स में समझौता

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातकों का शीर्ष संगठन फियो ने भारतीय निर्यातकों की वृद्धि को गति देने और उनकी वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करने के लिए आपूर्ति श्रृखंला वित्तीय समाधान प्रदान करने वाली प्रमुख वैश्विक कंपनी क्रेडलिक्स के साथ समझौता किया है। संसाधन उपलब्ध कराते हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सुव्यवस्थित करने में मदद करेगा।

# संगठित क्षेत्र में रोजगार बढ़े, ईपीएफओ ने नवंबर में शुद्ध रूप से 14.63 लाख सदस्य जोड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने पिछले साल नवंबर में शुद्ध रूप से 14.63 लाख सदस्य जोड़े हैं। यह सालाना आधार पर 4.88 प्रतिशत अधिक है। निश्चित वेतनमान पर रखे जाने वालों के कर्मचारियों के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

■ ईपीएफओ ने नवंबर 2024 में लगभग 8.74 लाख नए सदस्यों का पंजीकरण किया

श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शुद्ध रूप से सदस्यों की संख्या में वृद्धि रोजगार के अवसर बढ़ने और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाती है। इसे ईपीएफओ की प्रभावी पहुंच पहलों से बल मिला है। मंत्रालय ने कहा कि मासिक आधार पर, अक्टूबर 2024 की तुलना में शुद्ध रूप से सदस्यों की वृद्धि 9.07 प्रतिशत रही। अस्थायी पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि ईपीएफओ ने नवंबर 2024 में लगभग 8.74 लाख नए सदस्यों का पंजीकरण किया, जो एक साल पहले के इसी महीने की तुलना में 18.80 प्रतिशत और यह अक्टूबर, 2024 के मुकाबले 16.58 प्रतिशत अधिक है।

**संख्या में वृद्धि रोजगार के अवसर, कर्मचारी लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ी**

### 34.75 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि

मंत्रालय ने कहा कि यह पहले की प्रवृत्ति के अनुरुप है, जो यह दर्शाता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं। इनमें भी मुख्य रूप से वे हैं जो पहली बार नौकरी तलाश रहे हैं। नवंबर के पेरोल आंकड़ों के अनुसार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से लगभग 14.39 लाख सदस्य निकल गए और बाद में दोबारा संगठन से जुड़ गए। यह आंकड़ा पिछले महीने यानी अक्टूबर, 2024 की तुलना में 11.47 प्रतिशत और सालाना आधार पर नवंबर, 2024 में 34.75 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि है।






### पांच प्रतिशत की वृद्धि

समीक्षाधीन माह के दौरान महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, हरियाणा, गुजरात, दिल्ली, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में व्यक्तिगत रूप से शुद्ध रूप से कुल सदस्यों में पांच प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई।नौकरी का यह आंकड़ा अस्थायी है क्योंकि आंकड़े तैयार करना और कर्मचारी रिकॉर्ड को अद्यतन करना एक सतत प्रक्रिया है।

### व्यापक बदलाव का संकेत

महिला सदस्यों की संख्या में वृद्धि अधिक समावेशी और विविध कार्यबल की ओर व्यापक बदलाव का संकेत है। आंकड़ों के राज्यवार विश्लेषण से पता चलता है कि शीर्ष पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में शुद्ध सदस्य वृद्धि लगभग 59.42 प्रतिशत है, जिससे माह के दौरान कुल मिलाकर लगभग 8.69 लाख शुद्ध सदस्य जुड़े।

### 18-25 आयु वर्ग का दबदबा

एक महत्वपूर्ण पहलू 18-25 आयु वर्ग का दबदबा होना है। इस आयु वर्ग में 4.81 लाख नए सदस्य जुड़े हैं, जो नवंबर 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 54.97 प्रतिशत है। नवंबर, 2024 में 18-25 वर्ष आयु वर्ग में शुद्ध रूप से 5.86 सदस्य जोड़े गये थे, जो अक्टूबर 2024 की तुलना में 7.96 प्रतिशत अधिक है।

## बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक 567 अंक चढ़ा

# बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स उछला एनएसई में निवेशक 11 करोड़ के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 566.63 अंक यानी 0.75 प्रतिशत बढ़कर 76,404.99 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 624.77 अंक चढ़कर 76,463.13 के स्तर तक पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी 130.70 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 23,155.35 पर बंद हुआ।

इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजारों ने पिछले कारोबारी सत्र की भारी गिरावट से पुरजोर वापसी की। मंगलवार को सेंसेक्स 1,235.08 अंक टूटकर सात महीनों के निचले स्तर 75,838.36 और निफ्टी 320.10 अंक गिरकर 23,024.65 पर बंद हुआ था। बुधवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस ने सर्वाधिक 3.16 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। उसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 2.97 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 2.28 प्रतिशत की तेजी रही।

*मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में तेजी आने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौट आई। सेंसेक्स करीब 567 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने एक बार फिर 23,150 के स्तर को हासिल कर लिया।*




### एनएसई ने पांच महीनों में जोड़े एक करोड़ निवेशक

नई दिल्ली। शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बुधवार को कहा कि उसके पंजीकृत निवेशकों की संख्या 11 करोड़ को पार हो गई है। इसमें अंतिम एक करोड़ पंजीकरण सिर्फ पांच महीनों में हुए हैं। यह निवेशकों की प्रत्यक्ष माध्यमों से शेयर बाजार में बढ़ती भागीदारी को बताता है। एनएसई में निवेशक पंजीकरण में हाल के दिनों में उल्लेखनीय तेजी देखी गई है और पिछले पांच वर्षों में इसमें 3.6 गुना उछाल आया है।

### 1142 शेयरों में रही तेजी

मानक सूचकांकों में बढ़ोतरी के बावजूद बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,802 नुकसान में रहीं जबकि 1,142 शेयरों में तेजी रही और 115 अन्य अपरिवर्तित रहे। क्षेत्रवार सूचकांकों में केंद्रित आईटी खंड में 2.19 प्रतिशत और आईटी खंड में 1.88 प्रतिशत की तेजी रही जबकि रियल्टी खंड में 4.53 प्रतिशत की तगड़ी गिरावट रही। इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सेवा कंपनी साएंट डीएलएम के शेयरों में 13.55 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई।

### पिछने चार महीने में 10000 अंक गिरा सेंसेक्स

भारतीय शेयर बाजार में हाहाकार मचा है। महीने दर महीने गिरावट बढ़ती जा रही है। सेंसेक्स की बात करें तो अपने हाई से करीब 10000 अंक टूट चुका है। सेंसेक्स 27 सितंबर, 2024 को ऑल टाइम हाई 85,978 अंक पर था, जो कि 22 जनवरी 2025 को 12% यानी 10,000 अंक से ज्यादा टूटकर 75,816 पर आ गया। बुधवार को कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 75,816 के लोअर स्तर को छुआ, वहीं कारोबार के अंत में सेंसेक्स 76,404.99 अंक पर बंद हुआ। अब जब इंडेक्स पिछले चार महीने में 12 फीसदी से ज्यादा टूट चुका है तो फिर पोर्टफोलियो में 40 से 50 फीसदी तक की गिरावट आम बात है, और यही गिरावट अब निवेशकों को डरा रहा है। इस गिरावट के कई कारण हैं। ओवरवैल्यूड शेयर प्राइस, विदेशी निवेशकों की बिकवाली, तिमाही दर तिमाही कंपनियों के कमजोर नतीजे और अमेरिकी में ट्रंप सरकार की वापसी।

# कच्चे जूट का एमएसपी 6 प्रतिशत बढ़कर 5,650 रुपए प्रति क्विंटल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाकर 5,650 रुपए प्रति क्विंटल करने की बुधवार को मंजूरी दे दी। यह कच्चे जूट के पिछले एमएसपी से 315 रुपए प्रति क्विंटल यानी छह प्रतिशत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी।



■ केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में किया गया फैसला

गोयल ने कहा कि नया एमएसपी अखिल भारतीय भारांश औसत उत्पादन लागत पर 66.8 प्रतिशत 'रिटर्न' को सुनिश्चित करता है जिससे जूट उत्पादकों को लाभ होगा। सरकार ने कच्चे जूट पर एमएसपी को 2014-15 के 2,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2025-26 विपणन सत्र के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है, जो 2.35 गुना वृद्धि है। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट का स्वीकृत एमएसपी, बजट 2018-19 में सरकार द्वारा घोषित अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने के सिद्धांत के अनुरुप है।

### 40 लाख किसान जूट उद्योग पर निर्भर

गौरलतब है कि 40 लाख कृषक परिवारों की आजीविका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जूट उद्योग पर निर्भर है। जूट मिलों और जूट के व्यापार से करीब चार लाख श्रमिकों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता है। गत वर्ष 1.7 लाख किसानों से जूट की खरीद की गई थी। जूट उत्पादन में 82 प्रतिशत किसान पश्चिम बंगाल से हैं, जबकि असम तथा बिहार की जूट उत्पादन में 9-9 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। भारतीय जूट निगम मूल्य समर्थन परिचालन के लिए केन्द्र सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में काम करना जारी रखेगी। ऐसे परिचालनों में होने वाले नुकसान (यदि कोई हो) की पूरी भरपाई केन्द्र सरकार करेगी।

**बिजनेस साइट**

## आईएनओ में एलन छत्तीसगढ़ के 27 छात्रों का चयन



**रायपुर।** जेईई-नीट और ओलंपियाड के क्षेत्र में एलन के छात्रों का प्रदर्शन लगातार उत्कृष्ट होता जा रहा है। सत्र 2025 के लिए इंटरनेशनल ओलंपियाड के पहले चरण की परीक्षाओं के परिणामों में छत्तीसगढ़ राज्य के 27 छात्रों का चयन हुआ है।

एलन रायपुर के सेंटर हेड, कुणाल सिंह ने बताया कि इस चयन में भारतीय राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड के लिए 03, भारतीय राष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड के लिए 09, भारतीय राष्ट्रीय जीवविज्ञान ओलंपियाड के लिए 03, भारतीय राष्ट्रीय खगोलशास्त्र ओलंपियाड के लिए 07, भारतीय राष्ट्रीय जूनियर विज्ञान ओलंपियाड के लिए 04 और भारतीय राष्ट्रीय सूचना विज्ञान ओलंपियाड के लिए 01 विद्यार्थी का चयन हुआ है। नेशनल परिणामों में एलन के 939 छात्रों का चयन हुआ, जबकि कुल चयनित छात्रों की संख्या 3704 थी। इस प्रकार, इंटरनेशनल ओलंपियाड के दूसरे चरण में पहुंचने वाला हर चौथा छात्र एलन का है। आईएनओ के बाद, प्रत्येक विषय से 35 विद्यार्थियों का चयन ओरियंटेशन और चयन कैंप के लिए किया जाएगा। आईएनओ की परीक्षाएं जनवरी और फरवरी माह में आयोजित की जाएंगी। इंटरनेशनल ओलंपियाड्स विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा आयोजित किए जाते हैं।

## बाफना बायोटेक के प्रोडक्ट्स की बाजार में बढ़ती लोकप्रियता




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रमुख फार्मा कंपनी बाफना बायोटेक, स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से उभर रही है। कंपनी के प्रमुख उत्पादों में एनर्जी ड्रिंक, ओआरएस, मल्टीविटामिन सीरप, तुलसी विटा (जो एक इम्यूनिटी बूस्टर है) आदि शामिल है जो न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि महाराष्ट्र, उड़ीसा, मध्य प्रदेश और दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में भी लोकप्रिय हो रहे हैं।

कंपनी के प्रमुख अमित बाफना ने बताया कि बाफना बायोटेक की स्थापना 2009 में छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में हुई थी और तब से ही कंपनी ने 'स्प्रेडिंग हेल्थ फॉर ऑल' के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए काम किया। इस कंपनी ने शुरुआत प्रोटीन पावडर और ग्लुकोज पावडर के निर्माण से की थी और जल्द ही अपनी उत्पाद रेंज में मल्टी विटामिन टेबलेट्स, टॉनिक्स, कैप्सूल्स और माल्ट जैसी चीजें शामिल कर लीं। अमित बाफना ने यह भी बताया कि बाफना बायोटेक के उत्पाद स्थानीय रिटेल स्टोर्स पर आसानी से उपलब्ध हैं और इनकी गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाता। सभी उत्पाद लैब टेस्टेड और एनएबीएल से सर्टिफाइड हैं, जो गुणवत्ता की गारंटी प्रदान करते हैं। साथ ही, कंपनी का लक्ष्य छत्तीसगढ़ के फार्मा छात्रों को प्रशिक्षण देकर उन्हें पूरे भारत में रोजगार के अवसर प्रदान करना है। कंपनी का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के फार्मा उद्योग को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना है।

# पिछले साल नौ फीसदी घटी आवास बिक्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के नौ प्रमुख शहरों में बीते साल आवास की बिक्री नौ प्रतिशत घटकर 4.71 लाख इकाई रही। मुख्य रूप से मांग कम होने के साथ-साथ नयी आपूर्ति में कमी के कारण बिक्री में कमी आई है। आंकड़ा विश्लेषक कंपनी प्रॉपइक्विटी ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह कहा। पीई एनालिटिक्स की इकाई प्रॉपइक्विटी ने देश के नौ प्रमुख शहरों- बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, नवी मुंबई, पुणे और ठाणे के आवास मांग और बिक्री से जुड़े आंकड़ों के आधार पर रिपोर्ट जारी की है। पिछले साल आवासीय संपत्तियों की बिक्री नौ प्रतिशत घटकर 4,70,899 इकाई रही, जो वर्ष 2023 में 5,14,820 इकाई थी। आम चुनाव और मानसून के बीच दो तिमाहियों की कम गतिविधि के कारण 2024 में नए घरों की आपूर्ति 15 प्रतिशत घटकर 4,11,022 इकाई रह गई।



■ 2024 में नए घरों की आपूर्ति 15 प्रतिशत 4,11,022 इकाई रह गई

# दो तरह की खुदरा मुद्रास्फीति का दिया सुझाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के सदस्य नागेश कुमार ने सुझाव दिया है कि खाद्य कीमतों के साथ और उसके बगैर वाली दो मुद्रास्फीति दरें होनी चाहिए ताकि नीति-निर्माण के लिए प्रासंगिक दरों को ध्यान में रखा जा सके। आर्थिक समीक्षा 2023-24 में मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने दर निर्धारण की व्यवस्था से खाद्य मुद्रास्फीति को बाहर रखने की वकालत करते हुए कहा था कि मौद्रिक नीति का खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ता है क्योंकि वे आपूर्ति पक्ष के दबावों से निर्धारित होती हैं।




समग्र उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति में खाद्य का भारांश 46 प्रतिशत है। इसे 2011-12 में तय किया गया था और इस पर फिर से विचार करने की जरूरत है। मौद्रिक नीति समिति के सदस्य कुमार ने खाद्य मुद्रास्फीति को दर निर्धारण से बाहर रखने के सुझावों पर पूछे गए एक सवाल पर कहा, /"मुझे लगता है कि हमारे पास दो मुद्रास्फीति दरें होनी चाहिए, एक खाद्य मुद्रास्फीति के साथ और दूसरी खाद्य मुद्रास्फीति के बगैर।

### मजबूत वृद्धि की उम्मीद

भारत की वर्तमान व्यापक आर्थिक स्थिति पर उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि का सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ जाना एक अस्थायी, क्षणिक सुस्ती थी। कुमार ने कहा कि यह सुस्ती चुनाव आचार संहिता के कारण पहली तिमाही में सरकारी पूंजीगत व्यय में बहुत अधिक कमी के विलंबित प्रभाव को दर्शाती है, लेकिन दूसरी तिमाही से पूंजीगत व्यय में तेजी आने लगी। उन्होंने कहा, /"हमें वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। कुल मिलाकर मुझे लगता है कि हम 6.5 प्रतिशत या 6.6 प्रतिशत के आसपास की वृद्धि हासिल कर लेंगे।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथेरैपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# चैंपियंस लीग : लिवरपूल 7 मैचों में 7वीं जीत से अंतिम 16 में, बार्सिलोना की रोमांचक जीत

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

लिवरपूल ने अपने घरेलू मैदान पर लिली को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की, जबकि बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक रोमांचक मैच में बेनफिका को 5-4 से हराया। हार्वे इलियट ने विजयी गोल करके लिवरपूल को सात मैचों में सातवीं जीत दिलाई।

इससे पहले मोहम्मद सलाह ने लिवरपूल की तरफ से 34वें मिनट में पहला गोल किया था लेकिन लिली कनाडा के स्ट्राइकर जोनाथन डेविड के 62वें मिनट में किए गए गोल के दम पर बराबरी करने में सफल रहा था। लिली को अंतिम आधे घंटे का खेल 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लिवरपूल को अंतिम 16 में जगह बनाने के लिए इस मैच में केवल एक अंक हासिल करने की जरूरत थी लेकिन उसकी टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए शानदार तरीके से अगले चरण में प्रवेश किया।



## बार्सिलोना के सात मैच में 18 अंक



बर्सिलोना ने 2-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके जीत हासिल की। उसकी तरफ से रफिन्हा ने इंजरी टाइम में विजयी गोल किया। इससे बार्सिलोना के सात मैच में 18 अंक हो गए हैं और वह लिवरपूल के बाद दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के 21 अंक हैं। बेनफिका के वेंजेलिस पावलिडिस ने चैंपियंस लीग में तीसरी सबसे तेज हैट्रिक बनाई। उन्होंने दो गोल बार्सिलोना के गोलकीपर वोज्शिएक स्जेसनी की गलतियों का फायदा उठाकर किए। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने बार्सिलोना के लिए पेनल्टी पर दो गोल किए। वह नौ गोल के साथ चैंपियंस लीग के शीर्ष स्कोरर बने हुए हैं। रफिन्हा ने भी दो गोल किए।

## एटलेटिको ने 2-1 से जीता मैच

स्पेन के एक अन्य क्लब एटलेटिको मैड्रिड ने जूलियन अल्वारेज़ के 90वें मिनट में किए गए विजयी गोल के दम पर बायर लीवरकुसेन को 2-1 से हराया। एटलेटिको मैड्रिड इस जीत से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। एक अन्य मैच में मोनाको ने एस्टन विला को 1-0 से हराया। इससे विला की अंतिम 16 में सीधे प्रवेश करने की उम्मीदों को झटका लगा है। अन्य मैचों में बोलोग्ना ने बोरूसिया डॉर्टमुंड को 2-1 से, अटलांटा ने ग्राज़ को 5-0 से और पीएसवी आइंडहोवन ने रेड स्टार को 3-2 से हराया। स्टटगार्ट ने स्लोवान ब्रातिस्लावा पर 3-1 से आसान जीत दर्ज की। क्लब ब्रुगे और युवेंटस का मैच 0-0 से ड्रा रहा।

## क्रिकेट : प्लेयर ऑफ द मैच 'मिस्ट्री स्पिनर' चक्रवर्ती नें झटके तीन विकेट

# भारत ने इंग्लैंड को चटाई धूल, 7 विकेट से जीता पहला टी20 मैच

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

'मिस्ट्री स्पिनर' वरुण चक्रवर्ती (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद अभिषेक शर्मा (79 रन) की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी से भारत ने बुधवार को यहां पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से शिकस्त दी। भारत ने अभिषेक के अर्धशतक की बदौलत 12.5 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन बनाकर आसान जीत से श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।

कप्तान जोस बटलर (68 रन) के अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम शुरूआती झटकों से उबर नहीं सकी और 20 ओवर में 132 रन पर सिमट गई।

अभिषेक और विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (26 रन) ने तेज शुरुआत कराकर पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। सैमसन ने 20 गेंद में चार चौके और एक गगनदायी छक्का जड़ा।

सैमसन की पारी तब खत्म हुई जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर (दो विकेट) की गेंद को पुल करने के प्रयास में ऊंचा उठा दिया और गुस एटकिन्सन ने बाउंड्री से भागते हुए शानदार कैच लपका। इसी पांचवें ओवर में कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पवेलियन लौट गए। वह आर्चर की लेग कटर गेंद पर बल्ला छुआ बैठे और विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने शानदार कैच लपक लिया।



### अर्शदीप 97 विकेट लेकर सबसे सफल भारतीय टी20 गेंदबाज



बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच के दौरान अपने विकेटों की संख्या 97 पहुंचाकर टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाले गेंदबाज बन गए। इस दौरान उन्होंने युजवेंद्र चहल के 96 विकेट की उपलब्धि को पीछे छोड़ दिया। अर्शदीप ने 2022 में टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण किया और उन्होंने अपने 61वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की जो चहल के टी20 में 80 मैच की तुलना में 19 मैच कम है। पच्चीस वर्षीय अर्शदीप ने 8.32 के इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। उन्होंने दो बार चार विकेट लेने का कारनामा किया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नौ रन देकर चार विकेट है। अर्शदीप ने बुधवार को सबसे पहले फिल साल्ट को आउट किया जिससे वह चहल की बराबरी पर पहुंचे। फिर उन्होंने बेन डकेट को आउट करके हरियाणा के लेग स्पिनर को पछाड़ दिया।

### अभिषेक ने लगाई शॉट्स की बौछार

पावरप्ले में दो विकेट गंवाने के बाद अभिषेक ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 34 गेंद में आठ छक्के और पांच चौके जड़कर इंग्लैंड से मैच छीन लिया जिससे भारत ने 43 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक ने 200 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए तिलक वर्मा (नाबाद 19) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की। अभिषेक के तरकश में हर तरह के शॉट्स थे, उन्होंने फ्लिक, अपरकट किया और सीधे बाउंड्री पर रन जुटाए।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का सैमसन बो अर्शदीप | 00 | 03 | 0 | 0 |
| डकेट का रिंकू बो अर्शदीप | 04 | 04 | 1 | 0 |
| बटलर का नीतिश बो वरुण | 68 | 44 | 8 | 2 |
| हैरी ब्रुक बो वरूण | 17 | 14 | 2 | 1 |
| लियाम लिविंगस्टोन बो वरुण | 00 | 02 | 0 | 0 |
| बेथेल का अभिषेक बो पंड्या | 07 | 14 | 0 | 0 |
| ओवरटन का नीतिश बो पटेल | 02 | 04 | 0 | 0 |
| एटकिन्सन स्ट सैमसन बो टेल | 02 | 13 | 0 | 0 |
| आर्चर का यादव बो पंड्या | 12 | 10 | 1 | 0 |
| आदिल रशीद नाबाद | 08 | 11 | 1 | 0 |
| मार्क वुड रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |


अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 132/10
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-17-2, पंड्या 4-0-42-2, चक्रवर्ती 4-0-23-3, अक्षर 4-1-22-2, बिश्नोई 4-0-22-0.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का एटकिन्सन बो आर्चर | 26 | 20 | 4 | 1 |
| अभिषेक का ब्रुक बो रशीद | 79 | 34 | 5 | 8 |
| सूर्यकुमार का सॉल्ट बो आर्चर | 00 | 03 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 19 | 16 | 3 | 0 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 03 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 12.5 ओवर में 133/3
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-21-2, एटकिन्सन 2-0-38-0, मार्क वुड 2.5-0-25-0, रशीद 2-0-27-1, जेमी ओवरटन 1-0-10-0, लिविंगस्टोन 1-0-7-0.

## अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप

# इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की बड़ी जीत



एजेंसी ▶▶| जोहोर

सलामी बल्लेबाज डेविना पेरिन के शानदार अर्धशतक और ट्रुडी जॉनसन के बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को यहां अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अमेरिका को आठ विकेट से रौंदकर पूल बी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

वहीं दिन के अन्य मैचों में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के अलावा बांग्लादेश ने भी जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने नेपाल को 83 रन से, बांग्लादेश ने स्कॉटलैंड को 18 रन से हराया जबकि न्यूजीलैंड ने समोआ को 67 रन से मात दी। इंग्लैंड ने पेरिन की 45 गेंद में नौ चौके और तीन छक्के जड़ित 74 रन की पारी की बदौलत 14.2 ओवर में 120 रन बनाकर जीत हासिल की। जॉनसन ने 17 रन देकर दो विकेट झटके और इसके बाद नाबाद 44 रन बनाये। प्रिशा थानावाला (20 रन देकर दो विकेट) ने भी अमेरिका को पांच विकेट पर 119 रन पर रोकने में योगदान दिया। अमेरिका की कप्तान अनिका कोलन ने 42 गेंद में नाबाद 46 रन बनाए।

### ग्रुप डी में जीता बांग्लादेश

बांग्लादेश ने ग्रुप डी में नौ विकेट पर 121 रन बनाकर स्कॉटलैंड को आठ विकेट पर 103 रन ही बनाने दिए। न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट की नयी टीम समोआ के खिलाफ 17 ओवर में नौ विकेट पर 107 रन बनाए और प्रतिद्वंद्वी को 14.2 ओवर में 40 रन पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट पर 139 रन बनाए और फिर एशियाई टीम नेपाल को 20 ओवर में आठ विकेट पर 56 रन ही बनाने दिए।

## खबर संक्षेप



### घरेलू मुकाबलों से तैयार होगा अच्छा माहौल

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित राजपाल डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्लेऑफ एक और दो फरवरी को टोगो के खिलाफ होने वाले मुकाबले का इस्तेमाल भविष्य के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए करना चाहते है। भारत एक और दो फरवरी को घरेलू सरजमीं पर अफ्रीका के देश टोगो के खिलाफ खेलेगा। विश्व रैंकिंग में 368वें स्थान पर काबिज शशिकुमार मुकुंद भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। मुकुंद लखनऊ में मोरक्को के खिलाफ खेलने के बाद भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं।

### क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं डिविलियर्स

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स थोड़ी मौज-मस्ती करने और अपने बच्चों को खुश करने के लिए इस तरह की क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं जहां आईपीएल जैसा दबाव नहीं हो और वह सहज होकर खेल सकें।



डिविलियर्स ने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए नवंबर 2021 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। दक्षिण अफ्रीका के 40 वर्षीय पूर्व कप्तान अब चैरिटी और प्रसारण से संबंधित कार्यों से जुड़े हुए हैं। वह मौजूदा एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

### एशियाई और ओलंपिक में शामिल हो खोखो

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को पारंपरिक भारतीय खेलों को दुनिया भर में ले जाने की सरकार की इच्छा व्यक्त की और कहा कि खोखो को एशियाई खेलों और 2036 ओलंपिक में शामिल करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होगी। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है और उसने अपनी महत्वाकांक्षी योजना की दिशा में पहला ठोस कदम उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के भविष्य मेजबान आयोग को अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए एक 'आशय पत्र' प्रस्तुत किया है।



### रोहित को क्या करना है बताने की जरूरत नहीं

**मुंबई।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बुधवार को कहा कि रोहित शर्मा को यह बताने की जरूरत नहीं है कि उन्हें क्या करना है और 'जब वह लय हासिल कर लेंगे तो उन्हें बड़ी पारी खेलने में कोई परेशानी नहीं आएगी'। भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान रोहित लगभग एक दशक के अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करेंगे। मुंबई की टीम गुरुवार से यहां बीकेसी मैदान पर जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी तो सभी की निगाहें रोहित और उनके भारत के सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल पर होंगी।



## ऑस्ट्रेलियन ओपन

# स्वियाटेक ने कटाया सेमीफाइनल का टिकट, कीज से होगा मुकाबला

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

इगा स्वियाटेक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को यहां आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो के खिलाफ 6-1, 6-2 की एकतरफा जीत दर्ज करते हुए साल के शुरुआती ग्रैंड स्लैम में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वियाटेक ने टूर्नामेंट में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। मेलबर्न पार्क में अपना पहला खिताब जीतने के लिए जोर लगा रही पोलैंड की इस खिलाड़ी ने टूर्नामेंट में अब तक सिर्फ 14 गेम गंवाए है। इससे पहले 15 से कम गेम गंवाकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में जगह बनाने का कारनामा 2013 में मारिया शारापोवा ने किया था। अब तक पांच बार ग्रैंड स्लैम जीत चुकी इस 23 साल की खिलाड़ी ने कहा, 'मैं टूर्नामेंट में अपने अब तक के प्रदर्शन से काफी खुश हूं। सेमीफाइनल में पहुंचना शानदार है। मैं और आगे बढ़ने की कोशिश करूंगी।'



### कीज की लगातार 10वी जीत

पोलैंड की स्वियातेक के सामने सेमीफाइनल में अमेरिका की 29 साल मैडिसन कीज की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज कीज ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर मौजूदा सत्र में लगातार 10वी जीत दर्ज की।

### सिनर का शेलटन से होगा मुकाबला



विश्व रैंकिंग में शीर्ष पायदान पर काबिज यानिक सिनर ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को यहां स्थानीय खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर को आसानी से हराकर अंतिम चार की टिकट पक्की की। सिनर के सामने शुक्रवार को पुरुष एकल के सेमीफाइनल में 2023 अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनलिस्ट बेन शेलटन की चुनौती होगी, जिन्होंने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लोरेंजो सोनेगो को मात दी। सिनर ने 6-3, 6-2, 6-1 की आसान जीत दर्ज की। इससे पहले अमेरिका के 22 साल के वामहस्त खिलाड़ी शेलटन ने इटली के गैरवरीय खिलाड़ी के खिलाफ 6-4, 7-5, 4-6, 7-6 से जीत दर्ज की।

# प्रज्ञाननंदा ने मेंडोंका को हराकर हासिल की बढ़त

एजेंसी ▶▶| विज्क आन ज़ी



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने हमवतन लियोन ल्यूक मेंडोंका को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर के बाद एकल बढ़त हासिल कर ली। प्रज्ञाननंदा ने रुय लोपेज के साथ सहज शुरुआत की लेकिन मिडिल गेम में उन्होंने मेंडोंका की गलतियों का फायदा उठाया और 46 चाल में जीत हासिल की। प्रज्ञाननंदा की यह लगातार तीसरी जीत है। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने अभी तक भारतीय खिलाड़ियों को ही हराया है। उनका अगला मुकाबला विश्व चैंपियन डी गुकेश से होगा जिन्होंने चौथे दौर की अपनी बाजी एलेक्सी सरना के खिलाफ ड्रॉ खेली। विदित गुजराती के हटने के कारण टूर्नामेंट में जगह बनाने वाले पी हरिकृष्णा ने नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम को हराया लेकिन अर्जुन एरिगैसी को रूस के व्लादिमीर फेडोसीव से हार का सामना करना पड़ा। चैलेंजर्स वर्ग में आर वैशाली ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव को और दिव्या देशमुख ने तुर्की के एडिज़ गुरेल को पराजित करके अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया।

# बुमराह गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर कायम

**दुबई।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बुधवार को जारी ताजा आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं जबकि रविंद्र जडेजा ने भी हरफनमौला खिलाड़ियों के वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट से पहले जनवरी में 907 अंक के साथ अब तक की सर्वोच्च आईसीसी रैंकिंग रेटिंग दर्ज करके इतिहास रचने वाले भारतीय गेंदबाज बुमराह 908 अंक के साथ अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस (841) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (837) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के नोमान अली (761) मुल्तान में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में छह विकेट लेने के बाद शीर्ष 10 में पहुंच गये। टेस्ट प्रारूप में शीर्ष-10 ऑलराउंडरों की सूची में कोई बदलाव नहीं हुआ जिसमें जडेजा (400 रेटिंग अंक) शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं।



### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैनात होंगे 17 हजार सुरक्षाकर्मी

**लाहौर।** पाकिस्तान में 19 फरवरी से कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैचों के लिए कम से कम 17,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार पंजाब सरकार ने भाग लेने वाली टीमों के लिए 24 घंटे सुरक्षा प्रदान करने की तैयारी शुरू कर दी है जिसमें लाहौर और रावलपिंडी में टीम होटल के साथ-साथ मैच स्थलों को भी शामिल किया जाएगा।

IFFDC
Preserving Nature . Nurturing Lives
इण्डीयन फार्म फोरेस्ट्री डवलपमेंट को-ऑपरेटीव लि.
एच.आई.जी. 2/191, अरविन्द विहार, बागमुगालिया, पानी की टंकी के पास, भोपाल (म.प्र.)
दिनांक : 22.01.2025
**निविदा सूचना**
हमारी संस्था आई.एफ.एफ.डी.सी. को जबलपुर (म.प्र.) एवं रायपुर (छ.ग.) संभाग के पंजीकृत बीज उत्पादकों से मात्रा 11000 क्विं. धान बीज क्रय करना है, इस हेतु निविदा फार्म 28.01.2025 को प्रात: 12.00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन दोपहर 03.00 बजे निविदाएं खोली जायेगी। इच्छुक पार्टिया निविदा फार्म कार्यालयीन समय में उपरोक्त पते पर प्राप्त कर सकती है।
परियोजना प्रबंधक
आई.एफ.एफ.डी.सी., भोपाल

# रणजी ट्रॉफी में लंबे समय बाद दिखेगी सितारों की परेड

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण जब गुरुवार से शुरू होगा तो उसमें लंबे समय बाद रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे स्टार खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद सख्त रवैया अपनाते हुए किसी भी खिलाड़ी के फिट होने की स्थिति में घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है। यही वजह है कि शीर्ष खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए खुद को उपलब्ध रखा है।

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली गर्दन में खिंचाव के कारण दिल्ली की तरफ से रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में नहीं खेल पाएंगे लेकिन उन्होंने 30 जनवरी से शुरू होने वाले ग्रुप चरण के अंतिम दौर के मैच के लिए खुद को उपलब्ध रखा है। रोहित हालांकि अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मुंबई की तरफ से खेलने के लिए तैयार हैं। मुंबई को अगले मैच में जम्मू कश्मीर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जो अभी एलीट ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है। रोहित इस मैच में यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं।









## आखिर क्यों नहीं पहुंचा कोई 'शिव के लोक'

# पृथ्वी पर रहस्य, रोमांच और विज्ञान को चुनौती देता है महादेव का कैलाश

*नई दिल्ली। हिमालय के सुदूर इलाकों में स्थित कैलाश पर्वत सिर्फ एक राजसी शिखर से कहीं अधिक है। यह एक रहस्य, आध्यात्मिकता और पहेली में डूबा हुआ स्थान है। यह तिब्बती पठार की बेहद सुंदरता के बीच स्थित करोड़ों लोगों के लिए पूजनीय और अद्भुत रहस्यों से भरा एक पर्वत है। इसकी समृद्ध किंवदंतियां और रहस्य इंसानों को आकर्षित करते हैं। भगवान शिव का निवास स्थान होने के कारण यह सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र है। शिव पुराण, स्कंद पुराण और विष्णु पुराण जैसे हिंदू धर्मग्रंथों में कहा गया है कि भगवान शिव का कैलाश पर्वत निवास क्षेत्र है। यहां पर भगवान शिव माता पार्वती के साथ निवास करते हैं। कैलाश पर्वत जितना पूजनीय है, उतना रहस्यमयी भी है। कैलाश पर्वत पर आज तक कोई इंसान नहीं चढ़ पाया है। कैलाव पर्वत के रहस्यों को वैज्ञानिक भी नहीं जान पाएं। इस पर कई बार लोगों ने चढ़ने को कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।*

### कैलाश पर्वत पर दिखती है सात तरह की रोशनी



### क्यों कोई नहीं चढ़ पाया?

माउंट एवरेस्ट से कैलाश पर्वत की ऊंचाई दो हजार मीटर कम है। माउंट एवरेस्ट की चोटी 8,849 मीटर ऊंची है, जिसे पर हजारों लोग चढ़ चुके हैं, लेकिन 6,638 मीटर ऊंची कैलाश पर्वत की चोटी पर कोई भी नहीं चढ़ पाया है। यह एक ऐसा रहस्य है, जिसका आज खुलासा नहीं हो पाया है। माना जाता है कि भगवान शिव कैलाश पर्वत के स्वामी हैं। यहां पर भगवान भोलेनाथ माता पार्वती और अपने गणों के साथ निवास करते हैं। कैलाश पर्वत को लेकर कई शोध किए जा चुके हैं, लेकिन आज तक रहस्य अनसुलझा है।

### कैलाश पर्वत के चारों तरफ अलौकिक ऊर्जा

वैज्ञानिकों का मानना है कि कैलाश पर्वत के चारों ओर एक अलौकिक ऊर्जा है। इसके कारण कोई भी यहां पर पहुंच नहीं सकता है। कई बार वैज्ञानिकों ने यह जानने की कोशिश की है, लेकिन यहां कोई भी आसानी से नहीं पहुंच पाया है। तिब्बत के कई सिद्धि हासिल करने वाले संत कहते हैं कि कैलाश पर्वत पर सिर्फ पुण्य आत्माएं ही निवास कर सकती हैं।

### पृथ्वी का केंद्र बिंदु

पृथ्वी के एक छोर पर उत्तरी और दूसरे छोर पर दक्षिणी ध्रुव स्थित है। इन दोनों ध्रुवों के बीच हिमालय स्थित है, जिसके केंद्र में कैलाश पर्वत स्थित है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कैलाश पर्वत पृथ्वी का केंद्र बिंदु है। कैलाश पर्वत का हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख धर्म के लोगों के लिए भी विशेष महत्व है। कैलाश पर्वत के आसपास कोई बड़ा पर्वत नहीं है। शोध में वैज्ञानिक भी इस रहस्य को नहीं सुलझा पाए हैं कि ऐसा क्यों है।

### ओम और डमरू की आती है आवाज

बताया जाता है कि कैलाश पर्वत या मानसरोवर झील के आसपास हमेशा डमरू बजने की आवाज आती है। इसके साथ ही ओम की आवाज भी गुंजती है। वैज्ञानिक आज तक इन आवाजों के बारे में कुछ नहीं बता पाए हैं। इन आवाजों को दूर से सुनने पर लगता है कि शायद कोई जहाज उड़ रहा है, लेकिन आंखें बंद करके ध्यानमुद्रा में इन आवाजों को सुनने पर, स्पष्ट तौर पर डमरू और ओम की आवाजें सुनाई देती हैं। वैज्ञानिक अनुमान लगाते हैं कि हो सकता है यह आवाजें बर्फ पिघलने की हो सकती हैं।

# अद्भुत! 3 लाख राम नाम से अंजनी ने बना दी महाबली हनुमान की दिव्य पेंटिंग

एजेंसी ▶▶| इंदौर

देश के सबसे खूबसूरत शहर इंदौर में एक बार फिर चार चांद लगाए गए हैं, क्योंकि यहां की छात्रा ने करीब तीन लाख शब्दों से राम दरबार तैयार किया है, जो शहर में सुर्खियां बटोर रहा है। दरअसल, इंदौर की 16 साल की अंजनी पोरवाल ने राम दरबार की पेंटिंग बनाई है। इस अद्भुत पेंटिंग में अंजनी ने तीन लाख 11 हजार बार राम नाम लिखा है। इस अद्भुत कलाकारी को दूर से देखने पर सामान्य राम दरबार की तस्वीर लगती है, लेकिन जैसे ही पास से उसे देखा जाता है, तो पता चलता कि इसमें राम नाम लिखा हुआ हैं।

कलाकार अंजनी 11 वीं क्लास की स्टूडेंट हैं और इंदौर के रेवेन्यू नगर में रहती है, लेकिन लॉकडाउन के बाद से कला से



ऐसे जुड़ी हैं कि शहर के कोने कोने तक उनका नाम है। बताती हैं कि पहले पेंटिंग/ड्राइंग का कोई शौक नहीं था, लेकिन लॉकडाउन में वक्त काटने के लिए ड्राइंग शुरू किया। फिर कुछ क्रिएटिव करने का प्रयास किया और इस तरह का आर्टवर्क शुरू किया। इस पेंटिंग बनाने में पांच महीने का समय लगा। राम दरबार की इस तस्वीर को बनाने में अलग-अलग पेन से तीन लाख 11 हजार बार राम का नाम लिखकर राम दरबार बनाया।

### लाखों बार लिखा राम का नाम

अंजनी ने बताया कि पेन आर्ट, चारकोल आर्ट, पेंसिल आर्ट और पेंटिंग करती हैं। घर में उनकी कई पेंटिंग सजी हुई हैं और जब भी कोई आता है, तो उसे यह लगता है कि यह किसी प्रोफेशनल ने बनाई है। एक और तस्वीर बनाई है, जिसमें हनुमान जी का चेहरा है और इसमें रामायण के सभी प्रसंग देखने को मिलते हैं। कई लोगों ने इस तस्वीर को बहुत पसंद किया है। मुझे भी यह तस्वीर पसंद है। इस तस्वीर के लिए गोल्ड मेडल भी मिल चुका है, साथ ही इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुआ है।

### परिवार में धार्मिक माहौल

अंजनी बताती हैं कि परिवार में हमेशा से धार्मिक माहौल रहा है। जब पांच महीने की थीं, तब से परिवार हर साल मेहंदीपुर बालाजी दर्शन के लिए जाता है। नाना भी उन्हें रोजाना रणजीत हनुमान मंदिर दर्शन कराने के लिए ले जाते रहे हैं। इसलिए बचपन से ही धार्मिक गतिविधियों से जुड़ाव रहा है। हनुमान जी से आस्था जुड़ी है, इसलिए ज्यादातर हनुमान जी की पेंटिंग बनाई हैं और सभी सफल रही हैं। घर के पैसेज के लिए एक सुंदर हाथी की पेंटिंग बनाई है। इसके अलावा रणजीत हनुमान जी के अलग-अलग स्वरूप में तस्वीरें लगी हैं। श्रीनाथ जी की एक सुंदर पेंटिंग भी बनाई है। जगन्नाथपुरी की भी सुंदर पेंटिंग उनके घर में देखी जा सकती हैं। साथ ही अयोध्या के राम मंदिर की तस्वीर भी बनाई है, जिसमें भी उन्होंने राम नाम लिखे हैं।

# वीरान द्वीप पर पहुंच गया शख्स, अकेले बिता दिए 30 साल, सरकार जबरन वापस लाई थी घर

एजेंसी ▶▶| रोम

इटली के एक वीरान द्वीप पर 30 से ज्यादा वर्षों तक अकेले रहने वाले व्यक्ति का 85 साल की उम्र में निधन हो गया। इस शख्स का नाम माउरो मोरांदी है, जिन्हें मीडिया ने 'रॉबिन्सन क्रूसो' नाम दिया था। द्वितीय विश्वयुद्ध के पुराने शेल्टर, सार्डिनिया के पास



बुडेली द्वीप पर अकेले रहते थे। 1989 में उपभोक्तावाद और समाज से बचने के लिए वह पोलिनेशिया जा रहे थे। इस प्रयास के दौरान वह एक द्वीप पर पहुंच गए। संयोगवश, बुडेली द्वीप के पहले एकांतवास केयरटेकर रिटायर होने के करीब थे, इसलिए माउरो ने केयरटेकर का काम संभाल लिया। मोरांदी ने 32 साल तक द्वीप को साफ-सुथरा रखा और पर्यटकों को इसके पर्यावरण के बारे में जागरूक किया।

### द्वीप से लौटकर थे खुश

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2021 में उन्होंने द्वीप छोड़ने के बाद कहा, 'यह कभी खत्म नहीं हुआ। मैं इस बात का जीता-जागता उदाहरण हूं कि नया जीवन संभव है। आप हमेशा सब कुछ फिर से शुरू कर सकते हैं, भले ही आपकी उम्र 80 से ज्यादा हो। क्योंकि ऐसी और भी चीजें हैं, जिनका आप अनुभव कर सकते हैं।' जब 32 साल बाद वह द्वीप से निकले तो सबकुछ बदल गया था। आधुनिकता वाले जीवन से वह काफी खुश थे। उन्होंने कहा था, 'मैं खुश हूं और जीवन जीने और रोजमर्रा की सुख-सुविधाओं का आनंद फिर से पा लिया है।'

### द्वीप पर ऐसे बिताया जीवन

केयरटेकर के रूप में उनकी नौकरी के कारण उन तक खाने-पीने का सामान पहुंचाया जाता था। वह एक अस्थाई सौर ऊर्जा प्रणाली से घर को बिजली देते और एक साधारण चिमनी से घर को गर्म रखते थे। जब उन्हें द्वीप से निकलने का आदेश दिया गया तो उनके पास कोई घर नहीं था। बाद में सरकार ने उन्हें सार्डिनिया के एक द्वीपसमूह ला मदालेना में स्थानांतरित कर दिया गया। उसे एक राष्ट्रीय उद्यान के रूप में नामित किया गया था। यहां वह अपने एक बेडरूम वाले अपार्टमेंट में रहते थे।

# शख्स ने 1 मिनट में कोहनी से फोड़ डाले 52 अंडे, अपने नाम किया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**रोम।** इटली के एक शख्स ने हाल ही में कुछ ऐसा कारनामा किया है, जिसके बाद उसने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का खिताब हासिल कर लिया है। जो यकीनन हर शेफ का सपना होता है। एक परफेक्ट ऑमलेट बनाने के लिए अंडे को इस तरह से फोड़ना कि उसके छिलके के कुछ हिस्से अंडे में न जाएं काफी चैलेंजिंग होता है। लेकिन, इस शख्स ने हाथ नहीं, बल्कि अपनी कोहनी से 52 अंडों को एक मिनट में परफेक्शन के साथ फोड़कर लोगों को हैरान कर दिया है। इतना ही नहीं, अपने इस कारनामे से शख्स ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम भी दर्ज करा लिया है। इटली के मारियो लैंपुगनानी 5 फरवरी, 2024 को इटली के मिलान में लो शो देई रिकॉर्ड के सेट पर यह उपलब्धि हासिल की।

# ऑस्ट्रेलिया की पहाड़ियों पर एलियंस ने बनाए थे घर?

## वैज्ञानिकों ने सुलझाया 1400 साल पुराने रहस्यमयी रिंग्स का राज, सामने आया सच

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में पहाड़ियों पर बने 1,400 साल पुराने रहस्यमयी 'एलियन रिंग्स' का रहस्य वैज्ञानिकों ने सुलझा लिया है। वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि ये वास्तव में वुरुंदजेरी वोई-वुरुंग नाम के आदिवासी समुदाय के लोगों के समय बनाए गए प्राचीन स्मारक हैं। ये आदिवासी समुदाय ही इस जगह का पारंपरिक मालिक रहा है। अभी तक स्थानीय लोग इन अजीबोगरीब छल्लों को देखकर हैरान होते थे। वह इन्हें एलियंस के बनाए उनके घर या कुदरती तौर पर तैयार संरचना माना करते थे। ऑस्ट्रेलियन आर्कियोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में इन एलियन रिंग्स के बारे में नई जानकारी दी गई है। द सन की रिपोर्ट के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी हिस्से न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड में कभी इस तरह की 400 से ज्यादा ऐसी संरचनाएं थीं।



### प्राचीन समय में बनते थे इस तरह के रिंग्स

प्राचीन समय में आदिवासी लोग मिट्टी खोदकर इससे सैकड़ों मीटर चौड़े बड़े वृत्त बनते थे। समझा जाता है कि ये आज भी आदिवासी लोगों के लिए ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं। वुरुंदजेरी वोई-वुरुंग संस्कृति के जानकारों का कहना है कि इन छल्लों का उपयोग यूरोपीय कब्जे, उपनिवेशवाद और लोगों के उस समय के जीवन जैसे विषयों पर विचार करने के लिए किया जाता है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com